नई सोच, नया आयाम

जोहार छत्तीसगढ़

RNI No. CHHHIN/2009/35020

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 327 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, शुक्रवार 22 सितंबर 2023

पेज -4 पर मंगनी से लेकर विदाई तक की झलकियां दिखी आरती सिंह के लोकचंदा गीत ...

पेज -8 पर कराटे चैंपियनशिप में धरमजयगढ़ के बच्चों ने जीता गोल्ड, सिल्वर ब्रांस मेडल

सीएम भूपेश बघेल की मांग 'महिला आरक्षण बिल' 2024 के चुनाव में हो लागू

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पीसीसी चीफ बीपक बैज ने महिला आरक्षण बिल को लेकर बयान दिया है. सीएम भूपेश बघेल ने कहा बिला का कांग्रेस ने समर्थन किया. इसे 2024 के चुनाव में लागू किया जाना चाहिए. वहीं दीपक बैज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी चाहती हैं 2029 के बाद आए पर कांग्रेस की मांग हैं 2024 में बिल आना चाहिए. इसके साथ ही पीसीसी चीफ बैज ने भाजपा की परिवर्तन यात्रा पर तंज कसते हुए कहा कि परिवर्तन यात्रा पूरी तरह से फेल है. महिला आरक्षण बिल पर सीएम बघेल ने कहा कि विधानसभा और लोकसभा के सदस्य के लिए महिला आरक्षण बिल लाया गया है. उसको कांग्रेस ने समर्थन किया. लेकिन इसका इंप्लीमेंट तब होगा जब इसका

जनगणना हो जाए. उसके बाद परिसीमन हो जाए. इसमें बरसों लग जाएगा. जबकि सोनिया गांधी ने स्पष्ट कहा कि इसे तत्काल लागू किया जाए. क्योंकि अभी यह होता दिखाई नहीं दे रहा है. 2024 के चुनाव में इसे लागू किया जाना चाहिए. बीजेपी की परिवर्तन यात्रा को लेकर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा कि बीजेपी की परिवर्तन यात्रा समझ से परे है. उनकी यात्रा में कोई भीड़ नही है, कोई बड़े नेता शामिल नहीं होते. परिवर्तन यात्रा पूरी तरह से फेल है. छत्तीसगढ़ में कोई परिवर्तन नहीं हो रहा बल्कि कांग्रेस सरकार आ रही है. महिला आरक्षण बिल को लेकर पीसीसी चीफ और सांसद दीपक बैज ने कहा कि महिला आरक्षण बिल आना ही चाहिए. भारतीय जनता पार्टी चाहती हैं 2029 के बाद आए पर कांग्रेस की मांग हैं 2024 में बिल आना चाहिए. महिला आरक्षण बिल को अमित शाह ने विपक्ष के लिए राजनीतिक उपकरण बताया है. इस पर दीपक बैज ने कहा कि ये अमित शाह के बयान हो सकते हैं कांग्रेस पार्टी इससे सहमत नहीं है. कांग्रेस पहले ही राज्यसभा में बिल ला चुकी है. बीजेपी द्वारा दीपक बैज के खिलाफ थाने में की गई शिकायत पर लेकर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छत्तीसगढ़ की धरती में आकर बार-बार झूठ बोलते हैं. छत्तीसगढ़ में त्र20 कभी 14 से पहले हुआ ही नहीं. युवा सम्मेलन को त्र20 कह रहे हैं. ब्रह्मक कह रही है त्र20 का यूथ विंग बैठक हुआ हैं. इस पर दीपक बैज बोले कितने लीडर आये, कितने लोग गए किसी को कुछ पता ही नहीं है. गौरतलब हैं कि त्र20 को लेकर प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने अफवाह उड़ाया इस शिकायत को लेकर बीजेपी ने दीपक बैज की शिकायत दर्ज कराई हैं.

एक नजर

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी पहुंची रायपुर

एयरपोर्ट में सीएम बघेल और पीसीसी चीफ बैज ने किया स्वागत

रायपुर। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी रायपुर एयरपोर्ट पहुंची. एयरपोर्ट में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पीसीसी चीफ दीपक बैज ने प्रियंका गांधी का स्वागत किया. इस दौरान कांग्रेस के दिग्गज नेता मौजूद रहे. एयरपोर्ट से निजी होटल के लिए प्रियंका गांधी रवाना हो गईं हैं. एयरपोर्ट से निकलते ही प्रियंका गांधी नवा रायपुर स्थित रिसोर्ट पहुंची. उनके साथ प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव और पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज भी मौजूद हैं. प्रियंका गांधी रिसोर्ट में छत्तीसगढ़ के कांग्रेस नेताओं से चुनावी गतिविधियों को लेकर चर्चा कर रही हैं. कुछ देर बाद प्रियंका दुर्ग जिले के लिए रवाना होंगी. जहां भिलाई के जयंती स्टेडियम में आयोजित महिला समृद्धि सम्मेलन में शामिल होंगी. प्रियंका गांधी के दौरे को लेकर सीएम भूपेश बघेल ने कहा महिला समृद्धि सम्मेलन भिलाई में आयोजित है. जिसमें शामिल होने प्रियंका गांधी आई हैं.

पैसे नहीं देने पर युवक को पीटा

रायपुर । ब्रम्हदेव नगर लाभांडी में शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर दो युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा दी गई राहत से महंगाई से निपटने में महिलाओं को मिली मदद- प्रियंका गांधी

रायपुर। छत्तीसगढ़ का नेतृत्व सेवाभावी है। वो आपके आज और कल दोनों को बुलंद बनाने काम कर रहा है। भूपेश सरकार की योजनाएं महिला सशक्तिकरण को केंद्र में रखकर बनाई गई हैं। छत्तीसगढ़ महतारी आज हर मंच में पूजी जा रही हैं। उनके एक हाथ में संस्कृति का कलश है और दूसरे हाथ में तकनीक है। छत्तीसगढ़ महतारी की समृद्धि के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। यह बात श्रीमती प्रियंका गांधी ने आज भिलाई के जयंती स्टेडियम में आयोजित विशाल महिला समृद्धि सम्मेलन के अवसर पर कही।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने दुर्ग जिलावासियों को 309 करोड़ 56 लाख रुपए के 186 विकास कार्यों की सौगात दी गई। इसमें 241 करोड़ 59 लाख रुपए के 123 भूमिपूजन कार्य तथा 67 करोड़ 97 लाख रुपए के 63 कार्यों का लोकार्पण शामिल है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस अवसर पर सांस्कृतिक धरोहर और पर्यटन केंद्रों को संवारने छत्तीसगढ़ महतारी सांस्कृतिक संवर्धन योजना लागू करने की घोषणा भी की।

दाई दीदी मन ल जोहार, छत्तीसगढ़ महतारी की जय और

मां बम्लेश्वरी की जयकार के साथ आरंभ किये गये अपने संबोधन में श्रीमती प्रियंका गांधी ने कहा कि आप सभी जिस गंभीर समस्या से जूझ रही हैं वो महंगाई की समस्या है। छत्तीसगढ़ की सरकार ने हर संभव यह प्रयास किये हैं कि आपको आर्थिक रूप से ताकत दें ताकि आप इस समस्या से निजात पा सकें। छत्तीसगढ़ में धान का दाम सबसे अधिक है। पूरे देश में ऐसा कहीं नहीं है। जहां देश के दूसरे हिस्से में किसानों की संख्या घट रही है। छत्तीसगढ़ में लोग खेती की ओर लौट रहे हैं। किसानों को मिले उचित दाम की वजह से एवं छत्तीसगढ़ शासन की अन्य हितग्राहीमूलक योजनाओं से महंगाई का बोझ छत्तीसगढ़ की जनता पर घटा है। देश के किसी भी हिस्से में चले जाएं, आवारा पशुओं की वजह से खेती में बड़ी समस्या है। देश के कई प्रांतों में महिलाएं फसल की रखवाली करती हैं। छत्तीसगढ़ में सरकार ने गौठान बनाकर यह समस्या हल की है। मैं जिस भी प्रदेश में जाती हूँ इस बात का जिक्र जरूर करती हूँ। श्रीमती गांधी ने कहा कि आज इस सम्मेलन में आने से पहले मैंने बहुत से स्टाल देखे। इसमें छत्तीसगढ़ में काम कर रहीं लाखों समूह की महिलाओं में से कुछ प्रतिनिधियों का काम देखा। आपका काम आपकी मेहनत और आपके जज्बे की मिसाल है। यह देश में महिला उद्यमशीलता का प्रतीक है। मैंने आत्मनिर्भर महिलाओं से चर्चा की। उनमें गहरा आत्मविश्वास मुझे दिखा। उनके चेहरे पर मुस्कुराहट है।

छत्तीसगढ़ में चंद्रयान-3 जैसा गणेश पंडाल देखने के लिए उमड़े लोग, हो रही चर्चा

रायपुर। पूरे देश में इन दिनों गणेश उत्सव की धूम मची हुई है। देशभर में पंडाल बनाकर गणपति बप्पा की पूजा-अर्चना की जा रही है। इस क्रम में इस बार छत्तीसगढ़ के रायपुर में विशेष तौर पर अलग तरीके से पंडाल बनाया गया है। जिसको देखने के लिए भक्तों का जमावड़ा लगा हुआ है।

चंद्रमिशन की थीम पर बनाया गया पंडाल

दरअसल, छत्तीसगढ़ में इस पंडाल को चंद्रयान-3 की थीम पर बनाया गया है। चंद्रयान-3 मिशन की सफलता को लेकर रायपुर में यह पंडाल तैयार किया गया है, तथा इसके जरिए चंद्रमिशन की सफलता को दिखाया जा रहा है। देशभर में चंद्रयान की सफलता का लोग अलग-अलग तराके से जश्न मना रहे हैं। जिसकी एक झलक राजधानी रायपुर में भी देखने को मिल रही है।

चंद्रयान -3 की सॉफ्ट लैंडिंग को किया गया प्रदर्शित

चंद्रयान -3 की तर्ज पर यह पंडाल जय भोले ग्रुप गणेशोत्सव सेवा समिति की ओर से रायपुर के कालीबाड़ी चौक पर तैयार किया गया है। इसमें चंद्रयान मिशन की सॉफ्ट लैंडिंग को दर्शाया जा रहा है। जय भोले ग्रुप गणेश उत्सव समिति के मीडिया प्रभारी रोशन सागर ने बताया कि पहले दिन से ही चंद्रयान-3 की थीम पर बने इस पंडाल को देखने के लिए भक्तों का तांता लगा था। इस बार काफी संख्या में भक्त पंडाल देखने के लिए पहुंच रहे हैं। ये पंडाल दस दिनों तक पूजा के लिए खुला रहेगा।

प्रियंका जी, पुरखों के किस्से न सुनाएं, छत्तीसगढ़ की हकीकत बतायें - सरोज पांडेय

रायपुर ए.। भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के आरोपों के जवाब में कहा कि वे छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल की भाषा बोल रही हैं। जहां से फर्जी आंकड़े भूपेश बघेल को मिलते हैं, वहीं से मिले आंकड़े गिना कर प्रियंका गुमराह करने की कोशिश कर रही हैं।

छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार के बारे में बताने लायक उनके पास कुछ नहीं था इसलिए वे यूपी के उस जमाने के किस्से कहानी सुना गईं जब उनके पिता प्रधानमंत्री थे। पिता तो पिता वे

अपने पिता के नाना तक की लोरियां छत्तीसगढ़ की बहनों को सुना गईं। उनके पास पुरखों के संस्मरण सुनाने के अलावा कोई मुद्दा नहीं है। वे स्वयं स्वीकार कर गईं कि उनके पिता प्रधानमंत्री रहते हुए भी अपने निर्वाचन क्षेत्र में अच्छी सड़क तक नहीं दे सके। इससे गई गुजरी बात और क्या हो सकती है।

प्रियंका आज के प्रधानमंत्री के निर्वाचन क्षेत्र को देखें। रही बात गैस सिलेंडर की तो बतायें कि वे चार सिलेंडर कहां हैं, जो 2018 के जन घोषणा पत्र में कांग्रेस दे रही थी। भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सांसद सरोज पांडेय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस राज में महिलाओं की स्थिति सबसे खराब है तो प्रियंका गांधी को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से लड़ना चाहिए कि किस बात का महिला समृद्धि सम्मेलन कर रहे हैं। महिलाओं को समृद्ध बनाने उन्होंने किया क्या है? एक तरफ महिलाओं की अस्मिता खतरे में है, दूसरी तरफ भूपेश बघेल महिला सम्मेलन कराकर प्रियंका गांधी के दर्शन करा रहे हैं।

रायपुर में स्टील कारोबारी पर IT का छापा

मकान और फैक्ट्री में पहुंची इनकम टैक्स की टीम; ओडिशा में भी पार्टनर्स के दस्तावेज खंगाले

रायपुर। छत्तीसगढ़ में एक बार फिर इनकम टैक्स विभाग का छापा पड़ा है। गुरुवार सुबह आयकर विभाग की टीम ने राजधानी रायपुर के स्वर्ण भूमि कॉलोनी में रहने वाले स्टील कारोबारी के घर छापा मारा है। फिलहाल वहां पर कार्रवाई जारी है।

आयकर विभाग की टीम कारोबारी के घर के साथ ही उसकी फैक्ट्री पर भी दबिश देकर दस्तावेज खंगाल रही है। इसके अलावा एक टीम ने ओडिशा में भी छापा मारा है। बताया जा रहा है

कि वहां कारोबारी के पार्टनरों पर जांच चल रही है।

छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश की संयुक्त टीम

आयकर विभाग की इस कार्रवाई में छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के अधिकारी शामिल हैं। इससे पहले भी जुलाई ने आईटी की बड़ी कार्रवाई हुई थी। जिसमें छत्तीसगढ़ के कोयला और स्टील उद्योग से जुड़े कारोबारियों के ठिकानों पर छाप मारा था। जिसमें आयकर से संबंधित बड़ी गड़बड़ियां सामने आई थीं।

दूसरे राज्यों में भी हैं पार्टनर्स

राकेश अग्रवाल लक्ष्मी कृपा स्टील के संचालक हैं। जिनके स्वर्णभूमि स्थित घर समेत फैक्ट्री और कई ठिकानों पर आयकर की टीमों ने दबिश दी है। बताया जा रहा है कि, इनके 4 से 5 पार्टनर्स के छत्तीसगढ़ समेत ओडिशा स्थित ठिकानों पर भी दबिश देकर वहां भी दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं।

अनिल और सुनील दम्मानी की जमानत याचिक खारिज

ऑनलाइन सट्टा ऐप केस में ED ने किया था गिरफ्तार, सौरभ चंद्राकर और रवि की तलाश जारी

रायपुर। छत्तीसगढ़ में ऑनलाइन सट्टा ऐप मामले में गिरफ्तार आरोपी अनिल और सुनील दम्मानी की जमानत याचिका खारिज हो गई है। रायपुर की विशेष अदालत में दोनों पक्षों के वकीलों के बीच बुधवार देर शाम तक लंबी बहस चली थी, जिसके बाद गुरुवार को यह फैसला सुनाया है। कोर्ट की समय अवधि पूरी होने के कारण जज ने फैसला सुरक्षित रखा था।

23 अगस्त को प्रवर्तन निर्देशालय की टीम में रायपुर और दुर्ग में छापेमारी कर PMLA (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) के तहत हवाला कारोबारी अनिल और सुनील दम्मानी समेत

ASI चंद्रभूषण वर्मा, सतीश चंद्राकर, को गिरफ्तार किया था।

ED ने आरोपियों की 2 बार रिमांड ली थी। पूछताछ पूरी होने के बाद आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया था, जिसके बाद कोर्ट ने सभी आरोपियों को ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेज दिया था।

सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल की तलाश जारी

ऑनलाइन सट्टा ऐप के मास्टर माइंड सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल के खिलाफ कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी किया है। दोनों आरोपी इस वक्त दुबई में बताए जा रहे हैं। वारंट जारी होने के साथ ही ED उन्हें भारत लाने की तैयारी शुरू कर दी है। ED ने इन दोनों की गिरफ्तारी के लिए विदेश और गृह मंत्रालय समेत झारखंड, तेलंगाना, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, एमपी और महाराष्ट्र के अलावा अन्य राज्यों को जानकारी भेजी है।

संविदाकर्मी बोले- सरकार के वादों की निकालेंगे बारात

नवा रायपुर में 23 से 24 सितंबर को बड़ा प्रदर्शन, प्रदेश भर से जुटेंगे प्रदर्शनकारी

रायपुर। छत्तीसगढ़ के संविदा कर्मचारी एक बार फिर से सरकार के खिलाफ लामबंद हो गए है। 23 और 24 सितंबर को नवा रायपुर के धरनास्थल में संविदा कर्मियों का अनोखा प्रदर्शन होगा। नियमितीकरण की मांग को लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। सरकार के वादों की बारात निकाली जाएगी।

छत्तीसगढ़ सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ के बैनर यह प्रदर्शन माना के तुता धरना स्थल में आयोजित किया जा रहा है। इस आंदोलन में बड़ी संख्या में प्रदेशभर के संविदा कर्मचारी जुटेंगे, और अपनी मांगों को

लेकर आवाज बुलंद करेंगे।

सर्व विभाग की संविदा कर्मचारी महासंघ के प्रदेश प्रवक्ता सूरज सिंह ठाकुर ने कहा पौने 5 साल बीत जाने के बाद भी सरकार हमारी नियमितीकरण की मांग पूरी नहीं कर पाई है। सरकार तक अपनी आवाज फिर से पहुंचाने के लिए हम प्रदर्शन कर सरकार के नाम ज्ञापन सौपेंगे।

27 प्रतिशत वेतन वृद्धि का नहीं मिल रहा लाभ

प्रदेश प्रवक्ता सूरज सिंह ठाकुर ने कहा मुख्यमंत्री ने संविदा कर्मचारियों के 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि की घोषणा की थी। लेकिन प्रशासन की अपेक्षा के चलते कर्मचारी 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि से वंचित है। पूर्व में अपनी नियमतिकरण की मांग को लेकर प्रदेश के 45 हजार संविदाकर्मी आंदोलन कर रहे थे।

उस दौरान मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद हमने 2 अगस्त को अपना आंदोलन स्थगित कर दिया था। लेकिन आज भी संविदा कर्मचारी अपने नियमितीकरण के इंतजार कर रहे है।

प्रदर्शन में शामिल होने कांग्रेस को भेजा खुला आमंत्रण

छत्तीसगढ़ सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ ने प्रदर्शन में शामिल होने के लिए कांग्रेस पार्टी को खुला आमंत्रण भेजा है। इस आमंत्रण में महासंघ ने कांग्रेस पार्टी से कहा है की संविदा कर्मचारियों के आंदोलन में सम्मिलित होकर पार्टी अपनी साख बचाए ।

जीडीपी को अल्पकालिक और दीर्घकालिक रूप से प्रभावित करती है घरेलू बचत में गिरावट

भारत दशकों से बचतकर्ताओं का राष्ट्र माना जाता रहा है, लेकिन यह प्रवृत्ति तेजी से बदल रही है, क्योंकि आंकड़े बताते हैं कि घरेलू बचत में गिरावट आ रही है। रिजर्व बैंक द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2023 में भारत की घरेलू बचत 5.1 प्रतिशत के निचले स्तर पर पहुंच गई है। पिछले दशक में यह गिरावट स्थिर रही, क्योंकि भारत के लोग बदलती पारिवारिक संरचना एवं जीवन-यापन की बढ़ती लागत से उपजी चुनौतियों से प्रभावी तरीके से निपट रहे थे।

1980 और यहां तक 1990 के दशक (जब संयुक्त परिवार अस्तित्व में थे) के परिवारों की तुलना में पिछले दो दशकों में घरेलू संरचना में लगातार बदलाव देखा गया है। घरेलू बचत क्षमता में कई वजहों से गिरावट आई है- उपभोक्ता वस्तुओं पर खर्च में वृद्धि, संयुक्त परिवार व्यवस्था में कमी और मुद्रास्फीति में वृद्धि, जो लोगों की क्रय शक्तियों को प्रभावित करती है। आसान किस्तों पर ऋण उपलब्ध हो जाने के कारण कर्ज लेने वालों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है, जिसके कारण बचत दर पर असर पड़ रहा है।

आम तौर पर घरेलू बचत दर में कमी के लिए मुद्रास्फीति के साथ बढ़ती लागत को जिम्मेदार ठहराया जाता है, लेकिन हमेशा ऐसा नहीं होता है। भारत और भारतीयों ने बचत और निवेश के लिए डिजिटलीकरण और वित्तीय साधनों की आकर्षक उपलब्धता

के साथ बहुत कुछ बदल दिया है।

यदि आप रिजर्व बैंक द्वारा जारी आंकड़े पर गंभीरता से गौर करें, तो पूर्ण आधार पर शुद्ध वित्तीय संपत्ति में वर्ष 2022-23 में गिरावट आई है, और यह 130.80 खरब रुपये रह गई है, जबकि 2021-22 में यह 170 खरब रुपये थी। लेकिन, वित्त वर्ष-23 में परिवारों की सकल वित्तीय संपत्ति साल-दर-साल 14 फीसदी की दर से बढ़कर 290.60 खरब रुपये हो गई। साथ ही, इसी अवधि में वित्तीय देनदारियों में 76 फीसदी की आश्चर्यजनक वृद्धि हुई है, जिससे परिसंपत्तियों में वृद्धि की तुलना में सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में शुद्ध वित्तीय बचत कम हो गई है। मूल रूप से कर्ज का उपयोग वित्तीय लक्ष्यों और सपनों को पूरा करने के लिए बढ़ गया है। आज ऐसे बहुत से लोग मिल जाएंगे, जो उधार के पैसे से कार, घर खरीदते हैं और यहां तक कि छुट्टियां मनाने जाते हैं।

कर्ज लेने में कोई बुराई नहीं है, खासकर यदि आप उसका उपयोग संपत्ति बनाने के साथ-साथ अपने वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करने के लिए चतुराई से करते हैं। हालांकि जब कोई बहुत ज्यादा उधार लेना शुरू कर देता है, तो बचत की दर घट जाती है, जिससे कुछ मामलों में डिफॉल्ट होने की आशंका बढ़ जाती है। क्षमता से अधिक कर्ज लेने से वित्तीय संकट का सामना करना पड़ता है। कोविड महामारी के बाद लॉकडाउन के दौर ने लोगों को वास्तविकता से अवगत कराया, क्योंकि आय कम होने के कारण अनेक लोगों को अपने गांव-घर लौट जाना पड़ा और अनेक लोग तो वित्तीय रूप से असमर्थ होने के कारण अपना ऋण भुगतान करने से भी चूक गए। दरअसल घरेलू बचत का एक बड़ा हिस्सा उपभोग के साथ-साथ रियल एस्टेट में निवेश कर दिया गया है, इसलिए इसमें गिरावट आई है। आय में कम वृद्धि और ऋणों पर ब्याज दरों में बढ़ोतरी ने घरेलू बचत के आंकड़े में गिरावट में बढ़ोतरी की है। जीडीपी के आंकड़ों के मुताबिक, अंतिम निजी उपभोग व्यय में वर्ष 2022-23 में 7.5 फीसदी की वृद्धि हुई, जो वर्ष 2021-22 की 11.2 फीसदी वृद्धि से कम है, जिसे बहुत ही अनुकूल आधार प्रभाव से लाभ हुआ। साथ ही, आंकड़ों के मुताबिक, वित्तीय, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवाओं उद्योग के सकल मूल्य में 2022-23 में 7.1 फीसदी की वृद्धि हुई, जो कि 2021-22 में 4.7 फीसदी और 2020-21 में 2.1 फीसदी से अधिक थी। कम घरेलू बचत दर की ओर यह बदलाव टिकाऊ नहीं है और बचत में कमी के कारण उपभोग में वृद्धि भी टिकाऊ नहीं है। कई अन्य अर्थव्यवस्थाओं की तरह भारत में निजी खपत कुल मांग का एक प्रमुख चालक है। हालांकि पिछले कुछ वर्षों में इसकी हिस्सेदारी घट गई है, फिर भी यह

> घरेलू बचत क्षमता में कई वजहों से गिरावट आई है- उपभोक्ता वस्तुओं पर खर्च में वृद्धि, संयुक्त परिवार व्यवस्था में कमी और मुद्रास्फीति में वृद्धि, जो लोगों की य शक्ति यों को प्रभावित करती है। जीडीपी के प्रतिशत के रूप में घरेलू बचत में गिरावट के आंकड़ों का अल्पकालिक और दीर्घकालिक प्रभाव पड़ता है।

कुल मांग का सबसे बड़ा हिस्सा है, जो सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान देता है। घरेलू बचत एवं खर्च के साथ-साथ उधार आय, धन, मुद्रास्फीति, प्रचलित ब्याज दर और भविष्य की उम्मीदों पर निर्भर करता है। इस समय हम एक ऐसे दौर से गुजर रहे हैं, जब ये सभी कारक तनाव में हैं। आय में उतनी वृद्धि नहीं हुई है जितनी उम्मीद थी, लेकिन जीवन-यापन की लागत बढ़ रही है और मुद्रास्फीति भी। लंबे समय में, आय और धन निजी उपभोग को संचालित करते हैं और परिवार अपने लिए उपलब्ध संभावित संसाधनों के दीर्घकालिक दृष्टिकोण के आधार पर अपना खर्च निर्धारित करते हैं। जो परिवार आज इस विश्वास के साथ संपत्ति खरीद रहे हैं कि कीमतें बढ़ती रहेंगी, उन्हें ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ सकता है, जब संपत्ति की कीमतें बाद में सही हो जाएंगी। इसी तरह, परिसंपत्ति की कीमतों में कोई भी बदलाव अल्पावधि में मूल्य सुधार की स्थिति पैदा कर सकता है, जो परिसंपत्ति के मूल्य को और प्रभावित कर सकता है। और किसी की संपत्ति के मूल्य को कम कर सकता है। यदि मुद्रास्फीति ऊंची बनी रही, तो इसका निजी उपभोग और खर्च पर भी असर पड़ेगा।

नारायण कृष्णमूर्ति

संपादकीय

जांच की जरूरत है

खबर है कि अवैध तरीके से पोलैंड के रास्ते अमेरिका और यूरोप के दूसरे देशों तक जाने वालों में भारत के लोग भी शामिल हैं। आरोप तो यहां तक लगा है कि भारतीय विदेश मंत्रालय के अधिकारियों की मिलीभगत से यह घोटाला चल रहा था।

हालांकि विवाद अंतरराष्ट्रीय है, लेकिन इसमें कथित रूप से भारतीय नागरिक भी शामिल या इससे प्रभावित बताए जाते हैं, इसलिए इस पर भारत सरकार को अवश्य ध्यान देना चाहिए। खबर है कि अवैध तरीके से पोलैंड के रास्ते अमेरिका और यूरोप के दूसरे देशों तक जाने वालों में भारत के लोग भी शामिल हैं। आरोप तो यहां तक लगा है कि भारतीय विदेश मंत्रालय के अधिकारियों की मिलीभगत से यह घोटाला चल रहा था। पोलैंड में तो इस कांड में भागीदारी के कारण वहां के उप विदेशमंत्री को बर्खास्त कर दिया गया है। अब तक जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक भारत समेत एशिया और अफ्रीका के कई देशों के लोगों को पोलैंड का वीजा दे कर यूरोप और अमेरिका भेजा गया है। खुद पोलैंड की सत्ताधारी लॉ एंड जस्टिस पार्टी ने यह मामला उछाला, लेकिन तब उसे पता नहीं था कि यह उसको भी भारी पड़ेगा। जब बात बढ़ी, तो वर्तमान सरकार भी घेरे में आ गई। गौरतलब है कि जल्द ही पोलैंड में चुनाव होने वाले हैं।

पोलैंड के अफ्रीका और एशिया के दूतावासों से पैसे लेकर वीजा देने के मामले के उछलने से सत्ताधारी पार्टी की छवि को गहरा धक्का पहुंचा है। पोलैंड में प्रवासियों को लेकर नियम काफी सख्त हैं। इसका फायदा पोलैंड के अधिकारियों ने उठाया।

भारत-पश्चिम एशिया-यूरोपीय आर्थिक गलियारा: गतिशक्ति का अंतर्राष्ट्रीयकरण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की सह-अध्यक्षता में नई दिल्ली जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान आयोजित एक विषि कार्यक्रम में घोषित किया गया। भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) एक महत्वपूर्ण पहल है, जो जी-7 द्वारा प्रतिक्षादित वैश्विक अधौंसंरचना और निवेश के लिए साझेदारी (पीजीआईआई) को आगे बढ़ाने का काम करेगा।

प्रस्तावित गलियारे के विकास के लिए अमेरिका, भारत, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, फ्रांस, जर्मनी, इटली और यूरोपीय संघ ने एकजुट होकर काम करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। महत्वाकांक्षी पीजीआईआई पहल जर्मनी में जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान निम्न और मध्यम आय वाले देशों के साथ अवसंरचना संबंधी साझेदारी के लिए की गई थी।

गलियारे का उद्देश्य और व्यापार

दरअसल, इस गलियारे का उद्देश्य रेलवे ट्रैक और शिपिंग मार्गों के नेटवर्क के माध्यम से भारत, पश्चिम एशिया और यूरोप के बीच व्यापार को सुगम बनाना

है। एक ढंग से देखा जाए तो यह गतिशक्ति का अतंराष्ट्रीयकरण है। इस युगांतकारी गलियारे से दो महाद्वीपों के बीच बेहतर संयोजन और आर्थिक एकीकरण के जरिए आर्थिक विकास को प्रोत्साहन मिलने, और इस तरह सतत् और समावेशी आर्थिक विकास के द्वार खुलने की संभावना बढ़ी है। इसका उद्देश्य रेलवे, बंदरगाहों और भूतल परिवहन का लाभ उठाते हुए मल्टीमॉडल संयोजन के एक नए युग का सूत्रपात करना है।

आईएमईसी में दो पृथक गलियारे, भारत को अरब की खाड़ी से जोड़ने वाला पूर्वी गलियारा और अरब की खाड़ी को यूरोप से जोड़ने वाला उत्तरी गलियारा, शामिल होंगे। पूर्वी गलियारे में मुंद्रा बंदरगाह से संयुक्त अरब अमीरात के फुजैराह बंदरगाह तक और फिर रेलमार्ग के माध्यम से जॉर्डन तक और जॉर्डन से एक समर्पित फ्रेट गलियारे के माध्यम से इज़राइल में हाइफा बंदरगाह तक पहुँच बढ़ेगी।

हाइफा इज़राइल की भूमध्यसागरीय तटरेखा पर स्थित एक प्रमुख बंदरगाह है। उत्तरी गलियारा हाइफा को फ्रांस, इटली और ग्रीस से जोड़ेगा। इसका लाभ मितव्ययिताओं की प्रकृति, सहभागिता के आयाम और अगले कुछ वर्षों में बनने वाले नए संस्थागत तंत्रों के रूप में देखा जा सकता है। इस संदर्भ में विकास स्तंभ की भी यहां चर्चा करना भी उपयुक्त होगा। वास्तव में अतंराष्ट्रीय अर्थशास्त्र में लगातार भौगोलिक प्रतीकों को विकास से जोड़ कर देखा गया है।

यह स्तंभ वो हैं जो अपने समीप विकास के नए प्रतिमान बनाते हैं। उसी तरह मलेरिया और इंडोनेगिया ने विकास के त्रिकोण का विचार रखा, जहां तीन नगरों का आपसे में जोड़ कर देखा गया। इसका उद्देश्य यह रहा है कि कैसे हम निर्यात की लागत और प्रतिस्पर्धा का लाभ और संयुक्त बाजार के निर्माण की और जा सकते हैं। इसी तरह आर्थिक गलियारे का सोच भी सामने रखा गया है। ये अवधारणाएं क्षेत्रीय और बहुपक्षीय स्तरों पर निरंतर विकसित हो रहे आर्थिक परिदृश्य के अन्तर्गत विस्तार और एकीकरण की संभावनाएं प्रस्तुत करती हैं।

मिला जुला

राज्यसभा में पेश हुआ महिला आरक्षण बिल

नड्डा बोले- अध्यात्म से अध्यापन तक महिलाओं का विशेष स्थान

नई दिल्ली। संसद के विशेष सत्र के दूसरे दिन महिला आरक्षण विधेयक पेश किया गया। इस बिल को 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' नाम दिया गया है। लोकसभा में बुधवार को महिला आरक्षण बिल पास गया है। महिला सशक्तिकरण और समाज में महिलाओं को बराबरी का हक दिलाने में इस आरक्षण की बड़ी भूमिका होगी। गुरुवार को राज्यसभा में बिल को पेश किया गया। आज राज्यसभा में इस बिल पर चर्चा की जा रही है। कार्यवाही शुरू होते ही लोकसभा में सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला आरक्षण बिल के पक्ष में वोट करने वाले सभी सांसदों को धन्यवाद किया।

आयोग तय करेगा, कौन सी सीट महिलाओं को दी जाएगी

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लोकसभा में पारित होने के बाद गुरुवार को राज्यसभा में महिला आरक्षण बिल पेश कर दिया है। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि सदन में एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करना बहुत बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि कौन सी सीट महिलाओं को दी जाएगी, ये आयोग फैसला करेगा।

पीएम मोदी ने सभी सदस्यों का धन्यवाद किया

लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि मैं आज आपके माध्यम से इस बहुत महत्वपूर्ण निर्णय में विश्वास पैदा करने के लिए धन्यवाद करता हूं। देश को नई ऊंचाइयों में ले जाने वाली शक्ति के रूप में उभरेगा। पीएम मोदी ने कहा कि इस पवित्र काम को करने के लिए आप सब ने सार्थक योगदान दिया है। आदरपूर्वक अभिनंदन करने के लिए खड़ा हुआ हूं।

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कहा अध्यात्म से अध्यापन तक नारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भारतीय संस्कृति में नारी को देवी का स्थान दिया गया। हमारी संस्कृति में नारी को महत्व दिया गया- सीताराम, राधेश्याम। वैदिक काल से लेकर रानी जीजा बाई, अहिल्याबाई होल्कर समेत तमाम महिलाओं की चर्चा की जिन्होंने शासन-सत्ता की बागडोर संभाली। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी महिलाओं की शताब्दी है। हर क्षेत्र में भारत की महिलाएं अपने आपको लीडिंग रोल में लेकर आई हैं।

कनाडा पर भारत ने अपनाया सख्त रुख

वीजा सर्विस सस्पेंड कर कनाडाई नागरिकों की एंट्री पर लगाई रोक

भारत और कनाडा के बीच तनाव बढ़ गया है. पहले दोनों देशों के डिप्लोमेट्स को सस्पेंड किया और अब नई दिल्ली ने कनाडाई नागरिकों के लिए वीजा सेवाओं को अनिश्चित काल के लिए निलंबित कर दिया है. ये भारत की ओर से अब तक का सबसे बड़ा कदम है. दोनों देशों के बीच तनाव उस वक्त बढ़ गया जब कनाडा के पीएम ने खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप भारत पर लगाया.

हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, वीजा सेवाओं के निलंबन की कोई औपचारिक घोषणा नहीं की गई है. हालांकि कनाडा में वीजा आवेदन केंद्र चलाने वाले

बीएलएस इंटरनेशनल ने इस संबंध में अपनी कनाडाई वेबसाइट पर एक मैसेज पोस्ट किया है. इस संदेश में लिखा, 'भारतीय मिशन से महत्वपूर्ण सूचना परिचालन कारणों क ी वजह से गुरुवार (21 सितंबर 2023) से भारतीय वीजा सेवाओं को अगली सूचना तक निलंबित कर दिया गया है.' मामले पर एक भारतीय अधिकारी ने निलंबन की पुष्टि की लेकिन इसको लेकर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया. उन्होंने कहा, 'भाषा स्पष्ट है और यह वही कहती है जो वह कहना चाहती है.' यह पहली बार है जब भारत ने कोविड-19 महामारी के बाद वीजा निलंबित किया है. इससे पहले विदेश मंत्रालय की ओर से एडवाइजरी जारी करके कहा गया था कि कनाडा जाने वाले भारतीय नागरिक सावधानी रखें।

लारेंस बिश्नोई गैंग ने सुक्खा की हत्या की ली जिम्मेदारी!

नई दिल्ली। गैंगस्टर लॉरेन्स बिश्नोई गैंग ने पीनीपेग सिटी में भारत से फरार गैंगस्टर सुखदूल सिंह उर्फ सुक्खा दुनुके की हत्या की जिम्मेदारी ली है. लारेंस बिश्नोई के एक फेसबुक प्रोफाइल से पोस्ट की गई है जिसमें कनाडा में हुई हत्या की जिम्मेदारी ली गई है. इसके साथ ही इस पोस्ट में और गैंगस्टरों की भी धमकी दी गई है कि वो जहां मर्जी भाग लें, उन्हें पापों की सजा जरूर मिलेगी.

फेसबुक पोस्ट में कही ये बात -



इस फेसबुक पोस्ट में कहा गया है, 'हां जी सत श्री कॉल, राम राम.ये सुक्खा दुनिके के बंबिहा ग्रुप का जो इंचार्ज बना फिरता था उसका मर्डर हुआ है कनाडा के विनिपेग सिटी में. उसकी जिम्मेदारी लारेंस बिश्नोई ग्रुप लेता है. इस ड्रग एडिक्टेड नशेड़ी और सिर्फ अपने नशे को पूरा करने के लिए पैसों के लिए उसने बहुत घर उजाड़े थे. हमारे भाई गुरलाल बराड़, विक्की मिद्दुखेड़ा के मर्डर में इसने बाहर बैठकर सबकुछ किया. संदीप नंगल अंबिया का मर्डर भी इसने करवाया था पर अब इसके किए हुए पापों की सजा उसे मिल गई है. बस एक बात कहनी है जो दुक्कियां टिक्कियां अभी भी रह गई हैं जहां मर्जी भाग लो, दुनिया में किसी भी देश में चले जाओ.

एक नजर

ईएमएस आईपीओ की आज होगी बाजार में एंट्री, मार्केट का मूड तय करेगा शेयर का भाव

ईएमएस लिमिटेड की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश के लिए लिस्टिंग की तारीख 21 सितंबर 2023 तय की गई है। ईएमएस के शेयर गुरुवार सौदों के दौरान विशेष प्री-ओपन सत्र में दलाल स्ट्रीट पर डेब्यू करने जा रहे हैं और ईएमएस शेयर की कीमत गुरुवार सत्र में सुबह 10:00 बजे से ट्रेड के लिए उपलब्ध हो जाएगी। शेयर बाजार विशेषज्ञों के अनुसार ईएमएस आईपीओ की कीमत उचित थी और सभी प्रकार के निवेशकों से मजबूत प्रतिक्रिया मिली। ईएमएस शेयर का भाव करीब 40 फीसद प्रीमियम पर खुल सकता है। हालांकि, बहुत कुछ सुबह के सौदों के दौरान भारतीय शेयर बाजार की भावनाओं पर निर्भर करेगा। उन्होंने कहा कि तेजड़ियों के मामले में ईएमएस आईपीओ लिस्टिंग प्राइस लगभग ?315 से ?325 प्रति स्तर के आसपास होने की उम्मीद की जा सकती है, जबकि मंदी के मामले में ईएमएस आईपीओ लिस्टिंग प्राइस लगभग ?285 से ?295 के स्तर पर हो सकता है। मजबूत लिस्टिंग गेन का अनुमान लगा रहे हैं एक्सपर्ट्स- ईएमएस आईपीओ लिस्टिंग प्राइस भविष्यवाणी पर बोलते हुए, मेहता इक्विटीज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष - अनुसंधान प्रशांत तापसे ने कहा, सभी प्रकार के निवेशकों की मजबूत मांग और कमजोर बाजार परिदृश्य को देखते हुए, आवंटित निवेशक ईएमएस की लिस्टिंग का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और हमें मजबूत लिस्टिंग लाभ की उम्मीद है।

1.58 करोड़ में बिकी 332 रुपये की पेंटिंग, कूड़ा समझकर डाला थी स्टोर में, निकला खजाना

नई दिल्ली। कई बार लोगों के पास कोई बेशकीमती चीज होती है और उन्हें इसका अंदाजा ही नहीं होता है. हाल में न्यू हैम्पशायर की एक महिला के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ. उसने घर में बेकार पड़ी एक पुरानी पेंटिंग की फोटो सोशल मीडिया पर शेयर कर दी. इसके बाद उसे उस पेंटिंग के बारे में जो मालूम हुआ वह हैरान करने वाला था. महिला को मालूम हुआ कि जिस पेंटिंग को वह मामूली समझ रही थी वह तो दरअसल करोड़ों की है.



सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस बोले-

ईरान परमाणु हथियार हासिल करेगा तो हम भी करेंगे

सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान ने कहा है कि अगर ईरान परमाणु हथियार हासिल करता है तो सऊदी अरब भी ऐसा ही करेगा. अमेरिकी न्यूज़ नेटवर्क फॉक्स न्यूज़ को दिए इंटरव्यू में सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस ने कहा, 'अगर ईरान परमाणु बम

हासिल करता है तो हम भी हासिल करेंगे.' फॉक्स न्यूज़ ने बुधवार को यह इंटरव्यू प्रसारित किया है. हालांकि ईरान इस बात से इनकार करता रहा है कि वह परमाणु हथियार बना रहा है. फ़ॉक्स न्यूज़ ने मोहम्मद बिन सलमान से पूछा कि ईरान के परमाणु हथियार हासिल करने की संभावना को कैसे देखते हैं और सऊदी अरब के लिए इसके क्या मायने हैं? इस सवाल के जवाब में क्राउन प्रिंस ने कहा, कोई भी देश परमाणु हथियार हासिल करता है तो हम लोग चिंतित होते हैं. यह अच्छा नहीं है और एक ग़लत क़दम है.' 'उन्हें परमाणु हथियार हासिल करने की ज़रूरत नहीं है क्योंकि आप इसका इस्तेमाल नहीं कर सकते.

डेंगू नियंत्रण को लेकर युद्ध स्तर पर जारी किया गया अभियान

साफ-सफाई के लिए नगर निगम से 400 लोगों की टीम उतारी गई फील्ड पर, पृथक से 350 से अधिक लोग लगे डोर-टू डोर-सर्वे में

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

शहर में डेंगू के बढ़ते मामलों की रोकथाम के लिए कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के नेतृत्व में युद्धस्तर पर अभियान शुरू किया गया है। लगभग 750 लोगों को डोर टू डोर सर्वे और साफ-सफाई के काम में लगाया गया है। इसी के संबंध में कलेक्टर सिन्हा ने प्रशासन के सभी विभागों के साथ सिविल सोसाइटी के स्टेक होल्डर्स की महत्वपूर्ण बैठक ली। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि शहरवासियों का स्वास्थ्य सर्वोच्च प्राथमिकता है। डेंगू की रोकथाम के लिए पूरी क्षमता से काम करना है। गौरतलब है कि डेंगू के बढ़ते मामलों को देखते हुए कलेक्टर सिन्हा ने सभी विभागों को अलर्ट पर रखा है। डेंगू के लिए सर्वे के साथ जन-जागरूकता अभियान, दवा का छिड़काव जैसे काम पूरी क्षमता से किया जाना है। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि डेंगू से निपटने के लिए संसाधनों की कहीं कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। हमारे पास पर्याप्त मात्रा में दवाइयां और अस्पतालों में बेड है। निजी अस्पतालों को समुचित व्यवस्था के लिए निर्देशित किया गया है। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि हम सब ने मिलकर कोरोना पर विजय पाई है, उसी साझी भावना के साथ काम करें तो डेंगू से जल्द निपटा जा सकता है। उन्होंने बताया कि नगर निगम के

- कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने पूरी प्रशासनिक मशीनरी को किया एक्टिवेट, खुद कर रहे अभियान की मॉनिटरिंग ऑडिटोरियम में ली बड़ी बैठक
- जिला अस्पताल को बनाया गया डेडीकेटेड डेंगू उपचार केंद्र
- लोगों से अपने घरों में पानी जमा न होने देने की अपील
- लक्षण दिखने पर तत्काल लें डॉक्टर की सलाह, जांच व उपचार लेने में न करें देरी

सभी 48 वार्डों के लिए टीमें गठित की गई है। जिला स्तरीय अधिकारियों को मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी दी गई है। कलेक्टर सिन्हा ने सिविल सोसाइटिज के सदस्यों से कहा कि डेंगू के नियंत्रण के लिए जनजागरुकता और सहयोग बेहद जरूरी है। डेंगू का लार्वा साफ और स्थिर पानी में पनपता है। ऐसे में हम संकल्प करें की अपने आस-पास की सफाई में पूरा योगदान देंगे। उन्होंने लोगों से अफवाहों से बचने की बात कही। साथ ही बताया कि जिला प्रशासन ने उपचार के संबंध में पर्याप्त प्रबंध किए हैं। इस बैठक में स्वास्थ्य विभाग की ओर से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉण्मधुलिका सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि विभाग की टीम बनाकर घर-घर सर्वे किया जा रहा है। डेंगू की जांच और उपचार के लिए पूरी व्यवस्था है। दवाई पर्याप्त मात्रा में है। उन्होंने सभी से अपील किया कि इस जनअभियान में अपना पूरा सहयोग दें। डॉण्पीण्केण्गुप्ता ने सभी टीमों को डेंगू वायरस के प्रसार को रोकनेए जांच और उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि लक्षण आने पर तुरंत डॉक्टर की सलाह लें और टेस्ट करवाकर इलाज शुरू करें।

डेंगू नियंत्रण के लिए टीमें उतरी फील्ड पर

शहर में डेंगू को नियंत्रण में लाने के लिए कलेक्टर सिन्हा ने पूरी प्रशासनिक मशीनरी को अलर्ट और एक्टिवेट कर दिया है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से डेंगू सर्वे के लिए 180 मितानिए 160 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताए 13 एएनएम और 42 सुपरवाइजर को डोर टू डोर सर्वे और जागरूकता अभियान में लगाया गया है। वहीं आयुक्त नगर निगम सुनील चंद्रवंशी ने बताया कि नगर निगम की ओर से करीब 400 लोगों की टीम साफ-सफाई में लगे हुए हैं। 24 टीम दवाओं का स्प्रे और पाउडर छिड़काव में लगी है। वहीं 8 टीमें फॉगिंग के लिए तैनात की गई हैं। नगर निगम के 22 अधिकारियों को सारी व्यवस्था के मॉनिटरिंग का जिम्मा दिया गया है। कचरा उठाव के लिए नगर निगम की पूरी मशीनरी को लगाया गया है। वहीं सभी वार्डों के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों को नोडल बनाया गया है। अन्य विभागों के कर्मचारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है।

संजय मार्केट में पहुंचे कलेक्टर, साफ-सफाई चाक चौबंद रखने के दिए निर्देश, जिला अस्पताल का भी किया मुआयना,कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने पूरे शहर में साफ-सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए निर्देशित किया हुआ है। आज नगर निगम द्वारा संजय मार्केट में वृहत सफाई अभियान शुरू किया गया है। कलेक्टर सिन्हा ने मौके पर पहुंच के खुद सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने पूरे इलाके की अच्छे से साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने जिला अस्पताल पहुंच कर डेंगू मरीजों के उपचार के लिए की गई तैयारियों का भी मुआयना किया। उन्होंने पर्याप्त मात्रा में बेड और दवाइयों का इंतजाम करने के निर्देश दिए।

जिला अस्पताल को बनाया डेडीकेटेड डेंगू उपचार केंद्र, दूसरे अस्पतालों को रखा गया अलर्ट पर,कलेक्टर सिन्हा ने मरीजों के जांच और उपचार को लेकर पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए हुए हैं। जिला अस्पताल में डेंगू के लिए एक आइसोलेटेड वार्ड तैयार किया गया है। वहीं मेडिकल कॉलेज और शहर के निजी अस्पतालों को भी अलर्ट पर रखा गया है। जिससे मरीजों को त्वरित और बेहतर उपचार मिल सके।

डेंगू में डॉक्टरी सलाह और प्रबंधन के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

डेंगू मरीजों को चिकित्सकीय सलाह और डेंगू प्रबंधन के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है। जिसमें चिकित्सकीय सलाह हेतु जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.टीजी कुलवंदी मोबा.नं.94255.75680, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.बीपी पटेलमोबा.नं.88392.68592, डॉ.पीके.गुप्तामोबा.नं.94252.52730, डॉ.प्रकाशचंतवानी मोबा.नं.97526.14877 की ड्यूटी लगायी गयी है। मरीज अथवा उनके परिजन उक्त डॉक्टरों से संपर्क कर सलाह ले सकते है। वहीं डेंगू प्रबंधन के लिए जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा मोबा.नं.79877.01654, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक पीडी बस्तिया मोबा.नं.75870.71775 से संपर्क कर सकते है।

एक नजर

गर्भवती महिला ने 3 बच्चों को दिया जन्म, डॉक्टरों ने कर दिया कमाल

बलौदाबाजार-भाटापारा। बलौदाबाजार जिला चिकित्सालय में गर्भवती महिला का सफल ऑपरेशन हुआ. एक साथ तीन बच्चों ने जन्म लिया है. स्वास्थ्य सेवा में जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार लगातार उपलब्धि हासिल कर रहा है. जहां स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हो रहा है. वहीं इसका फायदा क्षेत्र सहित बाहर जिले के लोगों को भी मिलने लगा है. सबसे ज्यादा फायदा गर्भवती महिलाओं को हो रहा है. जहां ऐसी महिलाएं जिनकी नार्मल डिलवरी में दिक्कत हो रही है. वहीं जिला चिकित्सालय में सिजेरियन ऑपरेशन से बच्चों का जन्म हो रहा है. बलौदाबाजार जिले से ऐसा ही मामला सामने आया है. जहां सोनी साहू ग्राम कोसमंदा गर्भवती महिला को जिला चिकित्सालय में लेबर पेन उठने पर लाया गया. जहां चिकित्सकीय परीक्षण उपरांत गर्भ में तीन बच्चों का होना पाया गया. जिस पर तत्काल सिविल सर्जन के निर्देश पर चिकित्सकों की टीम बनाकर सफल ऑपरेशन किया गया और तीन बच्चों का जन्म हुआ, जिसमें दो लड़के और एक लड़की है.

निश्चेतना विशेषज्ञ का मिल रहा फायदा

बलौदाबाजार जिला चिकित्सालय में जबसे निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ इशान दुबे की पदस्थापना हुई है, उसका लाभ लोगों को मिल रहा है और लगातार जिला चिकित्सालय मे आपरेशन हो रहे हैं. जिससे क्षेत्र के लोगों को बाहर नहीं जाना पड़ रहा है. बलौदाबाजार जिला चिकित्सालय की गायनोलाजिस्ट डॉ करुणा रूपरेला ने बताया कि, ग्राम कोसमंदा की रहने वाली महिला सोनी साहू को लेबर पेन की हालत में लाया गया था. जांच पर गर्भ में तीन बच्चों का होना पाया गया. स्थिति को देखते हुए तत्काल हमारी टीम ने महिला का सफल ऑपरेशन कर तीनों बच्चों को बाहर निकाला है. तीन बच्चों में दो लड़के और एक लड़की है. तीनों स्वस्थ हैं.

आकांक्षी ब्लॉक फेलो पद पर भर्ती के लिए वॉक इन इंटरव्यू 27 को

सुकमा । जिले के कोंटा विकासखंड में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, जल संसाधन, वित्तीय समावेश और बुनियादी जैसे कार्यों को बढ़ावा देने और योजना का सुचारू रूप से संचालन हेतु आकांक्षी ब्लॉक फेलो के 1 पद पर वाक् इन इन्टरव्यू 27 सितंबर को आयोजित किया गया है। यह साक्षात्कार प्रातः 10 बजे से जिला पंचायत सुकमा के सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। यह भर्ती 6 माह के लिए होगी कार्य संतोषप्रद एवं आवश्यकता होने पर शासन के निर्देशानुसार सेवावृद्धि किया जा सकता है।

इच्छुक उम्मीदवारों सुकमा जिले की वेबसाईट डबल्यू डबल्यू डबल्यू डॉट सुकमा डॉट जीओवी डॉट इन पर नियम एवं शर्तों का अवलोकन कर सकते है अथवा अधिक जानकारी जिला पंचायत सुकमा के कार्यालय में उपस्थित होकर भी प्राप्त कर सकते है।

जिला पंचायत सुकमा से प्राप्त सूचना अनुसार आकांक्षी ब्लॉक फेलो के लिए आवेदनकर्ता की आयु 01 जनवरी 2023 को 25 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। आवेदक को हिन्दी, अंग्रेजी बोलना एवं लिखना आना चाहिए। आवेदक को डाटा विश्लेषण एवं प्रस्तुती कौशल होना चाहिए। सोशल मीडिया के उपयोग से परिचित होना चाहिए। परियोजना प्रबंधन के लिए कौशल होना चाहिए। विकास संबंधित संगठन के साथ काम करना एवं इंटर्नशिप का अनुभव होना चाहिए। आवेदनकर्ता को अपने कार्यस्थल में रहकर कार्य संपादन करना अनिवार्य होगा। भर्ती की प्रक्रिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या का अंतिम निर्णय लेने का अधिकार कलेक्टर सुकमा को होगा।

अतिथि शिक्षक के लिए वॉक इन इंटरव्यू 27 को

सुकमा । जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीण आदिवासी शिक्षित युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की योग्य बनाने हेतु जिला मुख्यालय स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति केंद्र में संचालित सक्षम कोचिंग क्लासेस में अंशकालीन अतिथि शिक्षक (अस्थाई) के 01 पद पर वॉक इन इंटरव्यू के माध्यम से चयनित किया जाएगा। इंटरव्यू का आयोजन 27 सितंबर, बुधवार को प्रातः 11रू00 बजे से स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति केंद्र में किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी वॉक इन इंटरव्यू की तिथि तक स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति केंद्र सुकमा में आवदेन कर इंटरव्यू में शामिल हो सकते है। जिला चयन समिति सुकमा के द्वारा प्राप्त सूचना अनुसार आवेदनकर्ता अभ्यर्थियों की निर्धारित तिथि में आयु 21 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। चयनित अभ्यार्थी को जिला चयन समिति सुकमा द्वारा निर्धारित नियमों का शर्तों का पालन करना अनिवार्य होगा।

नवजात शिशुओं को नियमित स्तनपान एवं टीकाकरण से होती है बच्चों का भविष्य उज्ज्वल

सुकमा । यूनिसेफ़ मिडिया कलेक्टिंव फ़ॉर चाइल्ड राइट्स सुकमा, जिला स्वास्थ्य विभाग और राजनांदगाव मेडिकल कॉलेज के सयुंक्त तत्वावधान में बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर जिले के विभिन्न ब्लॉक के बैगा, गुनिया, पेरमा एवं सिरहा और चिकित्सा विशेषज्ञों की मौजूदगी में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में नवजात शिशुओं के लिए 1000 दिन तक आवश्यक स्तनपान, 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का नियमित टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, गर्भवती माताओं का स्वास्थ्य जांच सहित अन्य स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर चर्चा की गई। वहीं सदूर अंचल एवं शहरी क्षेत्र में संचालित कार्यक्रमों के के संबंध में भी चर्चा की गई। कार्यशाला में स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया कि हर हाल में गर्भवती माताओं की नियम पूर्वक उचित देखभाल, आहार एवं जरुरी दवाइयों के साथ ही नियमित स्वास्थ्य जांच और पोषण आहार से सम्बंधित जांच को अवश्य कराएं। वहीं प्रसव पूर्व एवं प्रसव के बाद उचित देखभाल के लिए स्थानीय स्वास्थ्य सेवाओं के उपयोग और उससे होने वाले फायदों की भी जानकारी दी गई।

कार्यशाला में स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि वयस्कों में बीपी-शुगर जैसी बीमारियां आम हो गई हैं। स्तनपान से बच्चों की रोग प्रतिरक्षक क्षमता बढ़ती है। स्तनपान करवाने से माताओं को स्तन कैंसर से बचाव होता है। माहवारी की वजह से एनीमिक होने से बचने के लिए आयरन टेबलेट और अन्य चीजों की जरूरत होती है। मुनगा (सहजन) की पत्तियों का पावडर उपयोग करना चाहिए और पर्याप्त मात्रा में पानी पीना जरूरी है।

डॉ महेश सांडिया, सीएमएचओ ने कहा कि टीकाकरण करवाने से 12 प्रकार की बीमारियों से बचाव होता है और ऐसी बीमारियों में बैगा, गुनिया, सिरहा, पुजारी और पेरमा के सहयोग से हम ज्यादा से ज्यादा लोगों की स्वास्थ्य की सेवा कर सकेंगे।

यूनिसेफ़ स्टेट आरएमएनसीएच के डॉ अक्षय तिवारी, मीडिया कलेक्टिव फ़ॉर चाइल्ड राइट्स समन्वयक डी श्याम कुमार और लोक प्रशिक्षक(एमसीसीआर) प्रमोद पोटाई ने कहा कि बच्चों के लिए नियमित टीकाकरण उनके भविष्य के बेहतर स्वास्थ्य के लिए बेहद आवश्यक है तथा इसमें किसी तरह की कोई कोताही न बरतें। बच्चों में 12 गंभीर बीमारियों व उनसे बचाव, गर्भवती महिलाओं, किशोरी बालिकाओं की टीकाकरण की जानकारी दी।

आगामी विधानसभा चुनाव में आकाओं को कमीशन देने के लिए सीमेंट का दाम बढ़ाया गया

बहुजन समाज पार्टी ने क़ीमत वृद्धि के खिलाफ सौपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़ - बलौदाबाजार।

बहुजन समाज पार्टी बलौदाबाजार ने सीमेंट संयत्रो की मनमानी व सीमेंट की कीमत में अप्रत्याशित वृद्धि के खिलाफ राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौपा ।बसपा के द्वारा प्रत्यक्ष रुप से सीमेंट कंपनिया के ऊपर आगामी विधानसभा चुनाव में अपने समर्थको को कमीशन देने के लिए सीमेंट की क़ीमत को बढ़ाया है

जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए बसपा ने केंद्र व राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी श्री राजकुमार पात्रे ने बताया की प्रदेश के अधिकांश सीमेंट संयंत्र बलौदाबाजार-भाटापारा जिला में स्थापित है। इस जिला में स्थापित सीमेंट संयंत्रों में कार्यरत् श्रमिक, कर्मचारी, की वेतन में कोई वृध्दि नहीं की गई है। कच्ची माल (रॉ मटेरियल) की कीमत में वृध्दि नहीं, बिजली बिल एवं परिवहन व्यय में कोई भी बढ़ोतरी नहीं लेकिन सीमेंट संयंत्रों द्वारा मनमाने ढंग से सीमेंट की प्रति बोरी की कीमत में 70 रूपये से 90 रूपये तक की बढ़ोतरी कर दिये है। तथा समाचार पत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार भविष्य में भी सीमेंट की कीमत में बढ़ोतरी किये जाने की आशंका बाबत् की जा रही है। सीमेंट संयंत्रों की मनमानी पर राज्य की काग्रेंस सरकार व केन्द्र की भाजपा गठबंधन की सरकार का नियंत्रण नहीं है या फिर सीमेंट की बढ़ती कीमत पर राज्य व केन्द्र की सरकार की मौन सहमति है।

महंगाई की मार झेल रही है जनता के सामने सीमेंट की कीमतों में बढ़ोतरी वह भी बारिश के मौसम में विचारणीय है। कांग्रेस व भाजपा किसानों, गरीबों के हितैषी होने का झूठा दम भरकर वाहवाही लूट रही है। वही दूसरी ओर गरीब, मजदुर, किसानों को बड़े-बड़े उद्योगपतियों के माध्यम से लुटने का काम करते है। प्रदेश में कांग्रेस की एवं केन्द्र में भाजपा की सरकार है। बहुजन समाज पार्टी इस गंभीर समस्या को देखते हुए प्रदेश की जनता के हित को ध्यान में रखकर सीमेंट संयत्रों की मनमानी पर रोक लगाने के लिए एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन आज दिनांक 21.09.2023 को डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर चौंक बलौदाबाजार से कलेक्टर परिसर बलौदाबाजार तक पद यात्रा के माध्यम से पहुंचकर ज्ञापन सौप कर सीमेंट की बढ़ी हुई कीमतों को कम करके पूर्ववत् रखे जाने की दिशा निर्देश जारी करने की मांग किया है।

सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासियों ने ली भाजपा की सदस्यता

जोहार छत्तीसगढ़ - सक्ति।

जैजैपुर विधानसभा के भोथिया मंडल अंतर्गत ग्राम खजुरानी ग्रामवासियों ने सैकड़ो की संख्या में भाजपा के रीति नीति से प्रभावित होकर प्रदेश उपाध्यक्ष निर्मल सिन्हा, जिलाध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा के मुख्य उपस्थिति में भाजपा का सदस्यता लिए। प्रदेश उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष द्वारा सभी को श्रीफल व गमझा देकर सदस्यता दिलाई और सभी नए सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया और बधाई दी। इस अवसर पर निर्मल सिन्हा, कृष्णकांत चंद्रा सहित मंडल के पधाधिकारी व कार्यकतागण, भुशन् चंद्रा, हिरा बैसनाव, गंगाधर चंद्रा, किर्तन् चंद्रा, घसिय राम यादव, गोपी यादव, गिरजेश साहू, फिरत निषाद, राजू चंद्रा उपस्थित रहे।

जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की हुयी बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण के क्रियान्वयन की मॉनिटरिंग हेतु जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े के मार्गदर्शन में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई।

इस मौके पर समिति में धारित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास रायगढ़ एवं सदस्यध्सचिव द्वारा अधिनियम अंतर्गत प्रकरणों के संबंध में समिति के समक्ष प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया और राहत प्रकरणों की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया गया। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को अत्याचार निवारण अधिनियम की जानकारी दी गई। सहायक आयुक्त ने न्यायालय में लंबित प्रकरणों का यथाशीघ्र निराकरण किए जाने हेतु उप संचालकए लोक अभियोजन रायगढ़ को निर्देश दिए गए तथा जाति प्रमाण.पत्र के अभाव में लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण हेतु कार्यवाही करने के निर्देश थाना प्रभारी, अजाक रायगढ़ को दिए गए। साथ ही पीड़ितों को आने.जाने के लिए देय यात्रा भत्ता का शीघ्र भुगतान करने के निर्देश दिए। बैठक में राहत योजना श्रेणी ख एवं ग के तहत साधनहीन कन्याओं के विवाह हेतु दी जाने वाली अथवा आकस्मिक दुर्घटना की स्थिति में दिए जाने वाली आर्थिक सहायता राशि के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों के नियोजन का प्रतिषेध और उसका पुनर्वास अधिनियम के प्रावधानों के संबंध में भी बैठक आयोजित हुई। इस संबंध में आयुक्त नगर पालिक निगम रायगढ़ से प्रचार.प्रसार के संबंध में जानकारी ली गई। संबंधित अधिकारी द्वारा बताया गया कि हाथ से मैला ढोने वाले कर्मचारियों के सर्वेक्षण के संबंध में कर्मचारियों की नियुक्ति कर सर्वेक्षण कराया गया। किन्तु रायगढ़ शहरी क्षेत्र में इस प्रकार के कर्मचारी अद्यतन स्थिति में उपलब्ध नहीं हो रहे है। चूंकि शहरी क्षेत्र में निवास करने वाले अधिकांश आवासीय भवनों में शौचालय की व्यवस्था की गई है तथा जिनके निवास में शौचालय की व्यवस्था नहीं है, उनके द्वारा घरों में नवीन शौचालयों के निर्माण कराये जाने हेतु प्रयास किए जा रहे है।

इस संबंध में निर्णय लिया गया कि सर्वेक्षण के बारे में मुनादी कराकरए पम्पलेट चस्पा कर एवं स्थानीय अखबारों के माध्यम से प्रचार.प्रसार कराया जाए। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास एलआर कच्छप, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास बीके राजपूत, थाना प्रभारी अजाक सरस्वती महापात्रे, विशेष लोक अभियोजन अनूप कुमार साहू, उप संचालक अभियोजन वेदप्रकाश पटेल, विशेष लोक अभियोजन, मोहन सिंह ठाकुर, जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी सुश्री नम्रता पटेल उपस्थित रही।

जानलेवा फैलते डेंगू को लेकर ओपी चौधरी के नेतृत्व में जिला भाजपा ने प्रशासन को सौपा ज्ञापन

डेंगू के खिलाफ लड़ाई में एक लाख रुपए आर्थिक सहायता की ओपी ने की घोषणा

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

डेंगू से हुई मौतों को चिंता जनक मानते हुए आज प्रदेश भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी के नेतृत्व में भाजपा के शिष्ट मंडल से जिला प्रशासन से मुलाकात कर ग्यारह सूत्रीय सुझाव देते साथ मिलकर डेंगू को परास्त करने करने की अपील की। जिलाधीक्ष रायगढ़ के जरिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नाम से सौपे ज्ञापन के बाद मीडिया से चर्चा के दौरान ओपी चौधरी ने डेंगू से हो रही मौतों को चिंताजनक बताया। जिलाधीश से हुई चर्चा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि डेंगू के खिलाफ लड़ाई में भाजपा का हर कार्यकर्ता कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करने कमर कस कर तैयार है। ओपी ने जिला प्रशासन को आश्वस्त करते हुए कहा भाजपा कार्यकर्ता आवश्यकता पड़ने पर बतौर वेलेंटियर कार्य करने को तैयार है। संकट के इस समय में निगम कर्मचारियों की चल रही हड़ताल पर भी जिला प्रशासन से चर्चा हुई जिस पर प्रशासन द्वारा यह जानकारी दी गई कि कर्मचारियों की हड़ताल खत्म हो चुकी है। डेंगू के खिलाफ लड़ाई के ओपी चौधरी ने एक लाख रुपए आर्थिक सहायता की सार्वजनिक घोषणा भी की इस राशि का उपयोग डेंगू के खिलाफ आवश्यकता पड़ने पर उपयोग किया जा सकेगा। डेंगू की रोकथाम हेतु तत्काल आवश्यक कदम उठाये जाने के संबंध में सौपे ज्ञापन में कहा गया कि कांग्रेस शासन की लापरवाही और गैरजिम्मेदाराना कार्यशैली की वजह से रायगढ़ जिला डेंगू के चपेट में आ गया है। इस संबंध में भाजपा ने पहले भी शासन का ध्यान आकृष्ट किया था लेकिन समय रहते एहतियाती कदम नहीं उठाये गये। जिसकी वजह से डेंगू जानलेवा हो गया जिसका खामियाजा जनता को जान देकर चुकाना पड़ रहा। डेंगू से तीन लोगों की मौत के साथ सैकड़ों लोगों के इसके चपेट में आकर जीवन-मृत्यु से संघर्ष कर रहे हैं। डेंगू अब महामारी बन रही है। इस भयावह स्थिति के लिए कांग्रेस सरकार का सुस्त लापरवाह रवैया जिम्मेदार है। निगम सरकार ने डेंगू के नियंत्रण हेतु अब तक कोई ठोस पहल नही की। डेंगू की भयावह स्थिति से शहर वासियों को बचाने हेतु भाजपा द्वारा सुझाए उपाय बताए गए जिनमें एक उच्च अधिकारी की अगुवाई में जिला मुख्यालय में तत्काल एक टास्क फोर्स गठित कर डेंगू नियंत्रण कक्ष की स्थापना की जाये जहां 24 घंटे जिम्मेदार अधिकारी उपलब्ध रहे। सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने हेतु अतिरिक्त सफाई गैंग युद्ध स्तर पर लगाया जाए। हर गली एवम हर घर में दवा छिड़काव साथ ही दिन में दो बार फागिंग मशीन से छिड़काव की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। डेंगू के मरीजों हेतु चिकित्सालय में सर्वसुविधायुक्त पृथक डेंगू वार्ड बनाये जाए जिसमे चौबीस घंटे डॉक्टर-नर्स व दवा की समुचित व्यवस्था हो। डेंगू के इलाज हेतु शहर की दवा दुकानों में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जावे। रेडक्रॉस के अलावा कुछ अतिरिक्त दवा दुकान में भी रात्रि कालीन दवाएं उपलब्ध कराई जाए। डेंगू के भय से आम जनता को बचाने हेतु व्यापक जन जागरुकता अभियान के साथ ही हर दिन एडवाइजरी जारी की जावे। गरीब परिवारों के लिये नि:शुल्क मच्छरदानी एवं दवा छिड़काव की व्यवस्था सुनिश्चित की जावे। पैथोलॉजी में गरीबों हेतु मुफ्त व आम जनता के लिये न्यूनतम दर पर पर जांच की सुविधा हो। सभी अस्पतालों में डेंगू जांच की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। डेंगू से पीड़ित गरीब परिवारों के लिये मुफ्त राशन वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित की जावे। मृतकों के परिवार जनों को यूपी में की गयी घोषणा के अनुरूप अधिकतम सहयोग राशि तत्काल देने की घोषणा की जावे। इमरजेंसी की स्थिति पर डेंगू मरीजों को अविलंब एम्बुलेंस सुविधा मिल सके। भाजपा नेता ओपी ने कहा भाजपा की ओर से सुझाए गए सभी उपायों को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए।

भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता डेंगू उन्मूलन हेतु हर सकारात्मक कदम पर साथ खड़ा है। साथ ही भाजपा ने चेतावनी देते हुए कहा कि डेंगू के संबंध में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश, उपाध्यक्ष कोशलेश मिश्रा, जिला मंत्री विलिस गुप्ता, मुकेश जैन, पूर्व सभापति सुभाष पांडे, जिला भाजपा नेता मंजुल दीक्षित, आशीष ताम्रकार, पंकज कंकर वाल, गौतम अग्रवाल, विकास केडिया, बब्बल पांडे, दीपेश सोलंकी, नेता प्रतिपक्ष पूनम सोलंकी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शोभा शर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एक नजर

एकलव्य आवासीय विद्यालय में रिक्त पदों के लिए मंगाये गये दावा.आपत्ति उपरांत अंतिम मेरिट सूची जारी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में 17 रिक्त पदों में अतिथि शिक्षकों की भर्ती हेतु आवेदन पत्र मंगाये गये थे। प्राप्त आवेदनों पर जिला स्तरीय चयन समिति के निर्णय उपरांत पीजीटी सामाजिक विज्ञान के एक पद एवं सहायक छात्रावास अधीक्षक, महिला एवं पुरूष में एक-एक पद को, इस प्रकार कुल 3 पदों को अपरिहार्य कारणों से विलोपित करते हुए 14 पदों हेतु पात्र.अपात्र एवं निरस्त आवेदनों की सूची जिले के वेबसाईट पद एवं एकलव्य विद्यालयों तथा कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा किया गया था। जिसके लिए बीते माह दावा-आपत्ति आवेदन मंगाये गये थे। प्राप्त दावा-आपत्ति आवेदन उपरांत अंतिम मेरिट सूची प्रकाशित की गई है। जिसका अवलोकन जिले के वेबसाईट में कर सकते है।

जिला खनिज संस्थान न्यास में रिक्त पदों के लिए 26 सितम्बर तक मंगाये गये दावा-आपत्ति

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

रायगढ़ जिला खनिज संस्थान न्यास अंतर्गत सहायक ग्रेड-3 एवं लेखापाल संविदा/प्रतिनियुक्ति पद की भर्ती हेतु आवेदन मंगाये गये थे। प्राप्त आवेदनों के जांच उपरांत अंतिम सूची प्रकाशित की गई है। उक्त सूची के संबंध में किसी भी अभ्यर्थी को कोई आपत्ति हो तो वे 26 सितम्बर 2023 तक संयुक्त जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 111 ;खनिज न्यास शाखाद्धमें अपना अभ्यावेदन दस्तावेजों सहित रजिस्टर्ड डाक से अथवा स्वयं उपस्थित होकर दावा.आपत्ति आवेदन जमा कर सकते है।

शिक्षकों के लिए मंगाये आवेदन पर पात्र-अपात्र सूची जारी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जिला रायगढ़ अंतर्गत संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में रिक्त 19 पदों पर संविदा भर्ती हेतु गत दिवस आवेदन मंगाये गये थे। जिसमें पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची जिले के वेबसाईट पद पर अपलोड की गई है। अभ्यर्थी विस्तृत जानकारी वेबसाईट पर अवलोकन कर सकते है।

राष्ट्रीय सेवा योजना के तीन छात्राएं धमतरी जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी

धमतरी । राष्ट्रीय सेवा योजना पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर 2024 हेतु चयन प्रक्रिया का आयोजन बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के क्रीड़ा मैदान में आयोजित की गई थी। जिसमें कॉलेज के छात्राओं (स्वयं सेविका) ड्रिल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सामान्य ज्ञान, आदि के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन विशेषज्ञों के सामने प्रस्तुत किये व विश्वविद्यालय के नियमों का पालन करते हुए तीन छात्राओं का चयन किया गया। यह छात्राएं 22 सितंबर दिन शुक्रवार को पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर में धमतरी जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस चयन प्रक्रिया में बीसीएस पी.जी .कॉलेज धमतरी ,एन आर एम गर्ल्स कॉलेज धमतरी, शास नवीन महा आमदी, शास नवीन कॉलेज कंडेल, पी. जी .कॉलेज कुरूद, के कुल 16 प्रतिभागी सम्मिलित हुए ,जिसमें तीन प्रतिभागी लीना गजेंद्र इकाई क्रमांक 2 पीजी कॉलेज धमतरी, ललिता साहू इकाई क्रमांक 1 पीजी कॉलेज धमतरी, मोहनी निषाद नवीन शासकीय महाविद्यालय कंडेल का चयन किया गया। पर्यवेक्षक डॉ. गणेश प्रसाद साहू, मौखिक विशेषज्ञ प्रो निरंजन कुमार साहू ,सांस्कृतिक विशेषज्ञ प्रो डिगेश्वर अटल, ड्रिल विशेषज्ञ प्रो दिनेश्वर सलाम थे ।

साधना और आराधना श्याम राज्य स्तरीय शालेय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए चयनित

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

कोटा विधानसभा क्षेत्र के रतनपुर से 10 किलोमीटर दूर खेलगांव नवागांव के कुश्ती खिलाड़ी साधना श्याम और आराधना श्याम ने शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय शालेय कुश्ती प्रतियोगिता में चयनित हुवी है इस संबंध में जानकारी देते ओमकारा स्पोर्ट्स क्लब के कोच ओमकारा जायसवाल ने बताया कि जांजगीर में आयोजित बिलासपुर संभाग स्तरीय शालेय कुश्ती प्रतियोगिता में पोंडी हाई स्कूल में अध्यनरत बालिका कुश्ती खिलाड़ी साधना श्याम ने जूनियर वर्ग 57 किलोग्राम वर्ग और आराधना श्याम जूनियर वर्ग 61 किलोग्राम वर्ग में अन्य जिलों से आये खिलाड़ियो को हराकर अपने-अपने वजन ग्रुप में गोल्डमेडल जीतकर अपने स्कूल व ओमकारा स्पोर्ट्स क्लब खेलगांव नवा गांव का नाम रोशन किया था जिस वजह से दोनों खिलाड़ियों का चयन धमतरी में 21 से 23 सितंबर तक आयोजित राज्य स्तरीय शालेय कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेगी ये खिलाड़ी सुबह शाम पानी टंकी खेलमैदान में अभ्यास करते है। धमतरी जिला में आयोजित होने वाली 23वी राज्य स्तरीय शालेय कुश्ती प्रतियोगिता में इन खिलाड़ियो द्वारा भाग लेने पर खेलगांव नवागांव खेलमैदान संरक्षक गुलाब श्याम,सनत पांडेय डॉ.सूर्यप्रकाश जायसवाल, संतोष श्याम,ओमकारा स्पोर्ट्स क्लब के सिनियर खिलाड़ी गोपाल श्याम शिक्षक,किशन सिदारा व्याख्याता,गोविंदा जायसवाल,छग पुलि,विक्की जायसवाल,संजय मराव छग सशत्र बल, प्रकाश जायसवाल जेलप्रहरी, अजय श्याम छग सशत्र बल,रमेश श्याम,छग सशत्र बल,अजीत श्याम,टिल्लू श्याम,कमल निर्मलकर,दिनेश बांड, आदि ने बधाई व शुभकामनाएं दी है।

स्वास्थ्य विभाग ने लगाया टीवी के लिए विशेष जांच शिविर

बाल संप्रेषण गृह एवं जिंदल चिल्ड्रन होम बालक तमनार में लगा शिविर

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर के नेतृत्व में एवं सुश्री रंजना पैकरा जिला कार्यक्रम प्रबंधक व डॉक्टर जे.के.चौधरी जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी के मार्गदर्शन में रायगढ़ के बाल संप्रेषण गृह एवं जिंदल चिल्ड्रन होम बालक तमनार में टीवी के विशेष जांच शिविर आयोजित किया गया। जिसमें क्रमश: 23 व 49 बच्चों का जांच किया गया। उक्त बाल संप्रेषण गृह में चिकित्सा डॉक्टर सौरव अग्रवाल, श्री राम प्रसाद टोप्पो, श्रीमती उषा सहित नर्सिंग स्टाफएवं अन्य तथा जिंदल चिल्ड्रन होम में चिकित्सक डॉ.देवेंद्र देवांगन, श्रीमती पूजा गोस्वामी, श्री जय नारायण सारथी एलटी, कुमारी साक्षी पटेल एवं अन्य उपस्थित रहे।

कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने बैठक ली और नागरिकों को डेंगू से बचने की अपील की

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़.बिलाईगढ़।

कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने डेंगू बीमारी से बचने के लिए जिले के नागरिकों को सावधानीपूर्वक रहने, अपने निवास और कार्य स्थल को स्वच्छ रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि डेंगू बीमारी होने के बाद हमारे शरीर के रक्त कणिकाएं, प्लेटलेट्स, कम हो जाती हैं, जिसका त्वरित उपचार नहीं मिलने पर गंभीर स्थिति हो सकती है। अत: सभी अच्छे से रहें, नन्हें बच्चों को सूर्योदय और सूर्यास्त के समय हाथ और पैर को ढके पूरे कपड़े पहनाकर रखें। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने नगरीय निकायों में सभी सीएमओ को घर-घर जाकर निरीक्षण कर आवश्यक उपाय और अभियान शुरू करने के निर्देश दिए।

लक्षण एवं बचाव

बैठक में सीएमएचओ डॉ. एफ आर निराला ने बताया कि एडिस मच्छर के काटने से डेंगू रोग होता है। इसके काटने से दर्द नहीं होता। साथ ही साथ यह सुबह और सूर्यास्त के समय सक्रिय होकर काटता है। इसके काटने से अचानक तेज सिर दर्द, तेज बुखार, मांसपेशियों तथा जोड़ों में दर्द, आंखों के अंदरूनी हिस्सें में दर्द, जो कि आंखों को घुमाने से बढ़ता है, जी मचलाना एवं उल्टी होना, गंभीर मामलों में नाक, मसूड़ों में खून आना, त्वचा पर चकत्ते उभरना आदि हैं। सामान्यत: घरों, कार्यालयों में कूलर, पानी की टंकी, पक्षियों के पीने के बर्तन, फ्रिज की ट्रे, फूलदान इत्यादि को प्रति सप्ताह खाली करें व धूप में सुखाकर प्रयोग करें। नारियल का खोलए टूटे हुए बर्तन, टायरों सहित अन्य अनावश्यक घरेलू सामग्रियों में पानी जमा नही दें। घरों के दरवाजे व खिड़कियों में जाली परदे जो भी संभव हो लगाएं। पैर में मोजे पहने एवं दिन में भी सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें।

मंगनी से लेकर विदाई तक की झलकियां दिखी आरती सिंह के लोकचंदा गीत में

* लखनऊ घराने की कत्थक नृत्यांगना नेहा बनर्जी ने दी मोहक प्रस्तुति

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

चक्रधर समारोह की द्वितीय संगीत संध्या दर्शकों के लिए यादगार रहा। स्थानीय कलाकारों एवं छत्तीसगढ़ राज्य से आये अन्य कलाकारों ने अपनी बेहतरीन फारफार्मेंस ने दर्शकों को देर रात तक ऑडिटोरियम में बांधे रखा। सभी कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। सांस्कृतिक संध्या की शुरूआत में मो.अयान के ग्रुप ने पियानों में बेहद ही सुरीली प्रस्तुति दी। पहला नशा, क्योंकि तुम ही हो, मुझ में कहीं जैसे गीतों पर पियानों के साथ क्लैप बॉक्स, की बोर्ड, मेलोडिका, तबले, ऑक्टाकार्ड, जम्बे पर संगत कर कलाकारों की प्रस्तुति ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की इस कड़ी में लखनऊ घराने की कत्थक नृत्यांगना सुश्री नेहा बनर्जी ने कत्थक नृत्य की मोहक प्रस्तुति दी। उन्होंने प्रथम चरण में शिव वंदना और द्वितीय चरण में तीन ताल में 2 तोड़े, तृतीय चरण में तत्कार की प्रस्तुति, चतुर्थ चरण में झपताल की प्रस्तुति, पंचम चरण में तराना और छटवे और अंतिम चरण में श्री कृष्ण लीला पर आधारित 'ठुमरी' की सुंदर प्रस्तुति दी। रायपुर की सुश्री आनंदिता तिवारी ने भी कथक नृत्य भी प्रस्तुति दी। इसी के साथ ही रायपुर की सुश्री ऐश्वर्या पंडित की गायन ने दर्शकों का मनमोह लिया। उनकी पहली पेशकश आज जाने की जिद न करो... की गायन से दर्शकों ने खुब तालियां बजायी। रायगढ़ के कु.श्रुतिदास की ओडिसी नृत्य की भी शानदार प्रस्तुति रही। संगीत संध्या की अगली कड़ी में रायगढ़ घराने की सुश्री ज्योतिश्री बोहिदार ने तीन ताल में शिव स्तुति के साथ राम भजन के भाव में कथक नृत्य की मनमोहिनी प्रस्तुति दी। उनके साथ ओजस्विता, सृष्टि गर्ग, दक्षता साव, गुनगुन रावत रही और पंडत पर पं.सुनील वैष्णव, बासंती वैष्णव, तबले पर दीपक साहू, गायन पर लाला राम लुनिया, बांसुरी पर कुशल दास महंत एवं सारंगी पर साफिक हुसैन ने संगत किया। ज्योतिश्री बोहिदार रायगढ़ दरबार के चार स्तम्भ कलाकार में से पं.फिरतु महाराज की पौत्री एवं सुप्रसिद्ध नृत्यांगना श्रीमती बासंती वैष्णव की पुत्री है। ज्योतिश्री कथक नृत्य में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत हुई है। इसी प्रकार रायगढ़ घराने की सुश्री घनिष्ठा दुबे ने भी कथक नृत्य में बेजोड़ प्रस्तुति दी।

*** शहीदों के बलिदान को याद दिलाया मो.रौशन अली के देशभक्ति गीतों ने**

*** रायगढ़ घराना से ज्योतिश्री एवं घनिष्ठा दुबे की रही कथक नृत्य में बेजोड़ प्रस्तुति**

बिहाव गीत में सुश्री आरती सिंह ने दी शानदार प्रस्तुति

रायपुर की सुश्री आरती सिंह के लोक संगीत (लोकचंदा)की छत्तीसगढ़ी गीत बर तरी खड़े हे बरतिया.. दाई मोर रोवत हे... गीत से दर्शक भाव-विभोर हो गए। उनकी बिहाव गीत में मंगनी से लेकर बिदाई तक की झलकियां दिखी। इसी के साथ उन्होंने जय हो मोर छत्तीसगढ़िया मैया ... में बेहतरीन प्रस्तुति दी। उनके गानों के साथ संगत कलाकारों ने नृत्य की भी प्रस्तुति दी। साथ ही उन्होंने गौरा-गौरी पूजा में मोर ठाकुर देवता को सुमिरन की और बुढ़ी माई की अराधना में जसगीत भी गाकर सुनाया दर्शकों को।

राजा चक्रधर सिंह की कहानी सुनी दर्शकों ने लोक रंग नाचा के माध्यम से

रायगढ़ के श्री हुतेन्द्र ईश्वर शर्मा ने लोक रंग नाचा की शानदार प्रस्तुति दी। उन्होंने भगवान श्री गणेश वंदना से कार्यक्रम की शुरूआत की। तत्पश्चात उन्होंने राजा चक्रधर सिंह की कहानी को गायन के माध्यम सुनाया। उन्होंने लोक रंग नाचा के माध्यम से एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी और दर्शकों की खुब तालियां बटोरी।

शहीदों के बलिदानों को याद दिलाया मो.रौशन अली के देशभक्ति गीतों ने

रायगढ़ के मो.रौशन अली ने देशभक्ति एवं भजन गायन गाया। उनकी देशभक्ति गीतों ने बैठे दर्शकों को शहीदों के बलिदानों को याद दिलाया। उनकी पहली पेशकश संदेशे आते है हमें तड़पाते है... चिट्टी आती है... के देशभक्ति गीत से दर्शकों के आंखे नम हो गई। साथ ही उन्होंने भजन गायन में भी बेहतरीन प्रस्तुति दी।

बॉक्स ऑफिस पर जवान ने 11 दिनों में कर ली है 850 करोड़ से ज्यादा कमाई

शाहरुख खान की फिल्म जवान दुनियाभर में धूम मचा रही है. फिल्म की वर्ल्डवाइड परफॉर्मेंस हैरान करने वाली है. ऐसा लग रहा है कि शाहरुख खान जवान के साथ अपनी ही ब्लॉकबस्टर हिट फिल्म पठान का रिकॉर्ड तोड़ने वाले हैं. फिल्म ने पहले ही गदर 2 को पछाड़ कर बंपर कमाई कर ली है.जवान अब 800 करोड़ के क्लब का हिस्सा बन चुकी है. फिल्म ने 11 दिनों में ही वर्ल्डवाइड 858.68 करोड़ कमाकर बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड बना लिया है. यहां तक कि जवान ने अपने इस कलेक्शन के साथ सनी देओल की धमाकेदार फिल्म गदर 2 को भी धूल चटा दी है।

सलमान नहीं, निर्देशक मनीष की वजह से कर रही हूं टाइगर 3:रिद्धि डोगरा

बॉलीवुड अभिनेत्री रिद्धि डोगरा को मौजूदा वक्त में शाहरुख खान की जवान में देखा जा रहा है। फिल्म में उन्होंने आजाद (शाहरुख) की मां का किरदार निभाया है। जवान के बाद रिद्धि सुपरस्टार सलमान खान की टाइगर 3 में अपनी मौजूदगी दर्ज करवाएंगी।अब इस बीच रिद्धि ने इस फिल्म को करने के पीछे की वजह बताई है। रिद्धि ने खुलासा किया कि वह यह फिल्म सलमान की वजह से नहीं कर रही हैं।

रिद्धि ने कहा, मैं टाइगर 3 सलमान की वजह से नहीं कर रही हूं, बल्कि मैंने मनीष शर्मा की वजह से इस फिल्म में काम करने के लिए हां कहा है। इस फिल्म को करने के पीछे की सबसे बड़ी वजह मेरी और मनीष की दोस्ती है।रिद्धि ने बताया कि फिल्म के निर्देशक मनीष से उनकी बहुत पुरानी जान-पहचान है और वो दोनों बहुत अच्छे दोस्त हैं।

टाइगर फ्रेंचाइजी के तीसरे भाग टाइगर 3 का निर्देशन मनीष ने किया है। यह फिल्म इस दिवाली पर हिंदी सहित तमिल और तेलुगू भाषा में सिनेमाघरों में दस्तक देगी।इसमें सलमान के अलावा इमरान हाशमी और कैटरीना कैफ भी मुख्य भूमिका में शामिल हैं, वहीं फिल्म में शाहरुख का कैमियो होगा।टाइगर 3 में सलमान की भिड़ंत इमरान से होने वाली है।रिपोर्ट्स के मुताबिक, टाइगर 3 का पहला गाना 6 अक्टूबर को रिलीज होगा।

अनुपमा की बहू किंजल रियल लाइफ में है बेहद बोल्ड

रेड गाउन पहन कराया ग्लैमरस फोटोशूट

टीवी के सबसे पसंदीदा शो अनुपमा में बड़ी बहू का किरदार निभाने वाली किंजल यानी निधि शाह ना सिर्फ अपनी एक्टिंग बल्कि अपने बोल्ड लुक्स से भी आए दिन इंटरनेट पर सनसनी मचाती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर अपने होश खो बैठते हैं।

हालिया फोटोशूट में एक्ट्रेस ने अपने बोल्ड अदाओं का जलवा बिखेर कर फैंस को अपने हुस्न का कायल कर दिया है। एक्ट्रेस निधि शाह टीवी का जाना-माना नाम है। उनकी हर एक फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही वायरल होने लग जाती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरों से सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा दिया है। इन तस्वीरों में उनकी हॉटनेस देखकर फैंस आहें भरने लगे हैं। बता दें कि एक्ट्रेस ने बेहद ही स्टाइलिश आउटफिट पहना हुआ है। निधा शाह ने अपने इस फोटोशूट के दौरान रेड कलर का डीपनेक गाउन पहना हुआ है। एक्ट्रेस अपने इस लुक में काफी गॉर्जियस नजर आ रही हैं। साथ ही फैंस उनके किलर लुक्स से नजरें नहीं हटा पा रहे हैं। बता दें कि एक्ट्रेस निधि शाह रियल लाइफ में बेहद ही बोल्ड हैं। उनका इंस्टाग्राम इस बात का सबूत है। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। निधि शाह की इंस्टाग्राम फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी तगड़ी है। निधि शाह की इन तस्वीरों पर फैंस जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।

जवान के बाद अब सलमान और ऋतिक रोशन के साथ फिल्म बनाएंगे एटली! साउथ डायरेक्टर ने किया रिवील

निर्देशक एटली इन दिनों छाए हुए हैं। फिल्म जवान से उन्होंने बॉलीवुड में अपनी धमाकेदार शुरुआत की है। शाहरुख खान की यह फिल्म इन दिनों फिल्म जगत में छाई हुई है। ऐसे में हर कोई एटली की अगली बॉलीवुड फिल्म के बारे में जानने के लिए उत्सुक है। सवाल यह भी है कि शाहरुख के बाद वह किस अभिनेता के साथ काम करेंगे।अब एटली ने खुद बताया है कि वह किन अभिनेताओं से बात कर चुके हैं।

एटली ने बताया कि वह अपने आगामी प्रोजेक्ट्स के बारे में बॉलीवुड के किस-किस अभिनेता से बात कर चुके हैं।उन्होंने यह भी बताया कि वह क्या चीज है, जो उन्हें किसी अभिनेता के साथ काम करने के लिए आकर्षित करती है।एटली के अनुसार, फिल्म बनाने के लिए प्रोडक्शन, बड़े बजट या महत्वाकांक्षा से ज्यादा जरूरी होती है एक अच्छी स्क्रिप्ट। एक ऐसी स्क्रिप्ट, जिससे लगे कि इस पर काम करना चाहिए।

एटली ने बताया कि एक सिनेमा प्रेमी के तौर पर वह लोगों से चर्चाएं करते रहते हैं। उन्होंने कहा, मैंने सलमान सर के साथ बात की थी। मैंने बहुत पहले ऋतिक सर से भी बात की थी। मैं रणवीर सर, रणबीर सर से भी बात कर चुका हूं। विजय (थलापति) सर और अल्लू (अर्जुन) सर से भी मैं चर्चा कर चुका हूं। उन्होंने कहा कि जिसके साथ आपको काम करना पसंद होता है, उसके साथ काम करते हो।

नित्या मेनन स्टारर कॉमेडी ड्रामा सीरीज कुमारी श्रीमती 28 सितंबर को होगी स्ट्रीम

एक्ट्रेस नित्या मेनन की अपकमिंग कॉमेडी ड्रामा सीरीज कुमारी श्रीमति 28 सितंबर को डिजिटल रूप से स्ट्रीम होगी। सीरीज में पूर्वी गोदावरी के एक गांव में रहने वाली 30 वर्षीय महिला (मेनन द्वारा अभिनीत) की कहानी है, जिसका जीवन बिल्कुल भी आसान नहीं है। उसके सामने आने वाली कठिनाइयों को बड़े ही मनोरंजक ढंग से प्रस्तुत किया गया है, जो रूढ़िवादियों को चुनौती देती है। वैजयंती एंटरटेनमेंट्स के वेब डिवीजन अर्ली मॉनसून टेल्स द्वारा निर्मित सीरीज कुमारी श्रीमति गोम्तेश उपाध्ये द्वारा निर्देशित है। इसमें नित्या के साथ निरुपम परिताला, गौतमी, थिरुवीर, तल्लुरी रामेस्वरी, नरेश और मुरली मोहन प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

तेलुगु में कुमारी श्रीमति के सात एपिसोड हिंदी, तमिल और मलयालम में डब किए गए हैं। निर्माता स्वप्ना दत्त ने कहा, श्रीमति की यात्रा दृढ़ संकल्प और परिवार के अटूट बंधन से संबंधित है।

गदर 2 ने 520 करोड़ का आंकड़ा किया पार

शाहरुख की पठान का रिकॉर्ड तोड़ने से इंचभर दूर है सनी की फिल्म

सनी देओल की फिल्म 'गदर 2' ने बॉक्स ऑफिस को अपनी कमाई से हिला डाला है. फिल्म पहले दिन से ही रिकॉर्ड तोड़ बिजनेस कर रही है और जमकर कमाई कर रही है. फिल्म को टिकट खिड़की पर गर्दा उड़ाते हुए एक महीने से ज्यादा हो गया है लेकिन इसकी कमाई की रफ्तार थमने का नाम नहीं ले रही है. यहां तक कि शाहरुख खान की तूफान बन चुकी 'जवान' के आगे भी सनी देओल की 'गदर 2' डटी हुई है. हालांकि 7 सितंबर को रिलीज हुई 'जवान' के बाद 'गदर 2' की कमाई करोड़ों से लाखों में सिमट गई थी लेकिन फिल्म ने रिलीज के छठे हफ्ते में शानदार कमबैक किया और फिर से करोड़ों में कारोबार कर हर किसी को हैरान कर दिया. चलिए यहां जानते हैं 'गदर 2' ने रिलीज के 39वे दिन यानी छठे सोमवार को कितना कलेक्शन किया है 'गदर 2' को रिलीज हुए एक महीने से ज्यादा हो गया है लेकिन इसका क्रेज दर्शकों के सिर पर अभी भी चढ़ा हुआ है. तारा और सकीना की आइकॉनिक जोड़ी को फिर से पर्दे पर देखने के लिए अब भी सिनेमाघरों में दर्शकों की भीड़ पहुंच रही है और इसी के साथ ये फिल्म जमकर कमाई कर रही है. हालांकि शाहरुख खान की जवान' के सिनेमाघरों में धुंआधार कमाई करने के बाद 'गदर 2' का कलेक्शन काफी प्रभावित भी हुआ लेकिन छठे हफ्ते में फिर सनी देओल का हथौड़ा बॉक्स ऑफिस पर चल गया और इस फिल्म का कलेक्शन बढ़ गया.

खेल

शेफाली वर्मा

67 (39)

vs मलेशिया

कोलंबो। एशियन गेम्स में भारतीय महिला क्रिकेट टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई है। एशियन गेम्स का पहला क्वार्टरफाइनल आज भारत और मलेशिया के बीच खेला गया। बारिश के कारण यह मैच रद्द नो रिजल्ट रहा। टॉस जीतकर मलेशिया ने पहले फील्डिंग का फैसला किया। बारिश की वजह से यह मैच 15-15 ओवर का कर दिया गया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया ने मलेशिया के खिलाफ दो विकेट खोकर 173 रन बनाए।

भारत सेमीफाइनल में पहुंचा, शेफाली वर्मा ने खेली अर्धशतकीय पारी

टारगेट का पीछा करते हुए मलेशिया की पारी शुरू तो हुई लेकिन सिर्फ दो गेंद फेंकने के बाद ही बारिश आ गई और फिर से खेल रोक दिया गया। जब बारिश आई तब मलेशिया का स्कोर बिना किसी नुकसान के एक रन था, काफी देर तक बारिश नहीं रुकने की वजह से मैच रद्द कर दिया गया।

भारत के लिए शेफाली वर्मा ने सबसे ज्यादा 67 रन बनाए। उनके अलावा जेमिमा रोड्रिगेज ने नाबाद 47 और कप्तान स्मृति मंधाना ने 27 रन का योगदान दिया। ऋचा घोष ने अंत में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए सात गेंद में नाबाद 21 रन बनाए। मलेशिया की ओर से माहिरा इस्माइल और मास एलिसा को एक-एक विकेट मिला।

खबर से जुड़ा GK

4 मार्च 1951 को नई दिल्ली में पहले एशियन गेम्स का आयोजन हुआ था। हम एशियन गेम्स के बारे में बता रहे हैं।

- एशियन गेम्स का आयोजन हर 4 साल में होता है। भारत अब तक 2 बार 1951 और 1982 में इन खेलों की मेजबानी कर चुका है।
- भारत ने शूटिंग में पहली बार गोल्ड मेडल 1978 में जीता था। तब रणधीर सिंह ने ट्रैप में यह मेडल दिलाया था।
- भारत 1990 एशियन गेम्स को छोड़कर हमेशा मेडल टेली में टॉप टेन में शामिल रहा है। भारत ने अब तक कुल 672 मेडल जीते हैं।
- अब तक 18 बार एशियन गेम्स हो चुके हैं। 2018 में इंडोनेशिया में हुए आयोजन में भारत 70 मेडल के साथ 8वें नंबर पर रहा था।
- 1990 में बीजिंग एशियन गेम्स में भारत का प्रदर्शन सबसे खराब रहा था। 23 मेडल जीतकर भारत इसमें 11वें नंबर पर आया था।
- भारत का सबसे बेहतर प्रदर्शन 1951 में रहा। तब हम मेडल टेली में दूसरे नंबर पर रहे थे। एथलीटों ने 15 गोल्ड सहित 51 मेडल जीते थे।
- भारत ने सबसे कम मेडल 1958 में जापान में हुए तीसरे एशियन गेम्स में जीते थे। तब भारत ने 13 मेडल जीतकर 7वें नंबर पर रहा था।
- अब तक 7 देशों ने सभी एशियन गेम्स में हिस्सा लिया है। ये देश भारत, इंडोनेशिया, जापान, फिलिपींस, श्रीलंका, सिंगापुर और थाईलैंड हैं।

क्रिकेट मैच पहले क्यों खेला जा रहा

एशियन गेम्स में कई इवेंट के क्वालिफायर मुकाबले 23 सितंबर से पहले ही शुरू हो रहे हैं। इसीलिए विमेंस क्रिकेट के क्वालिफायर मुकाबले भी 19 सितंबर से शुरू किए गए। विमेंस क्रिकेट का फाइनल मुकाबला 25 सितंबर को खेला जाएगा।

एशियन गेम्स में भारत का बड़ा उलटफेर

मेंस टीम ने 3 बार की वॉलीबॉल चैंपियन साउथ कोरिया को हराया, नॉकआउट राउंड में

हांगझोउ। भारतीय पुरुष वॉलीबॉल टीम ने एशियन गेम्स में बड़ा उलटफेर किया है। भारतीय टीम ने 3 बार की गोल्ड मेडलिस्ट साउथ कोरिया को 3-2 से हराया।

यहां चीन के हांगझोउ शहर में चल रहे गेम्स में बुधवार को भारतीय रोअर्स ने 4 इवेंट के फाइनल में जगह बनाई। 4 इवेंट के फाइनल ए के रेपचेज में और एक इवेंट के फाइनल ए के लिए क्वालिफाई किया। बलराज पवार मेंस सिंगल स्कल इवेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे।

यह पिछले 10 साल में भारत की साउथ कोरिया पर पहली जीत है। टीम की मौजूदा रैंकिंग 73 है, जबकि कोरिया 27वें नंबर की टीम हैं। कोरिया एशियाड के 3 गोल्ड मेडल जीते हैं। टीम पिछले सीजन में रनरअप रही थी।

भारत ने ग्रुप-सी के मुकाबले में साउथ कोरिया पर 3-2 की रोमांचक जीत दर्ज की।

भारत ने ग्रुप-सी के मुकाबले में साउथ कोरिया पर 3-2 की रोमांचक जीत दर्ज की।

ढाई घंटे चला मुकाबला, भारत नॉकआउट में

भारतीय टीम ने करीब 2 घंटे 38 मिनट तक चले मुकाबले में पिछले सीजन की सिल्वर मेडलिस्ट साउथ कोरिया 3-2 (25-27 29-27 25-22 20-25 17-15) से हराया। नॉकआउट राउंड में भारतीय टीम का सामना चीनी ताइपे या मंगोलिया से होगा।

इस जीत से भारतीय टीम ने ग्रुप सी के टॉप पर रहते हुए नॉकआउट राउंड में प्रवेश किया। टीम ने एक दिन पहले कंबोडिया को 3-0 से हराया था।

फूड डिलीवरी बॉय लोकेश कुमार नीदरलैंड के नेट बॉलर बने:2018 से कर रहे नौकरी

स्विगी फूड डिलीवरी बॉय 29 साल के लोकेश कुमार वर्ल्ड कप के लिए नीदरलैंड के नेट बॉलर चुने गए हैं। चेन्नई के लोकेश को मंगलवार (20 सितंबर) को नीदरलैंड टीम ने 4 नेट गेंदबाजों में से एक के रूप में चुना।

नीदरलैंड ने सोशल मीडिया पर वर्ल्ड कप कैम्प के लिए नेट बॉलर के लिए ऐड दिया था। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज से चाइनामैन बने लोकेश का चयन नीदरलैंड मैनेजमेंट की ओर से भारत के लगभग 10,000 गेंदबाजों के आकलन के बाद किया गया। लोकेश ने एक मोबाइल एप्लिकेशन पर वीडियो अपलोड करके अप्लाई किया था।

लोकेश ने कहा- यह मेरे करियर के सबसे अनमोल पलों में से एक है। मैंने अभी तक तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन थर्ड डिवीजन लीग में भी नहीं खेला है। लोकेश बुधवार यानी आज डच कैम्प में शामिल हुए।

उन्होंने कहा, नीदरलैंड टीम के सदस्यों ने खुले दिल से मेरा स्वागत किया। सीजन की शुरुआत से पहले नेट गेंदबाजों के लिए यह अद्भुद मौका था। खिलाड़ियों ने हमसे कहा कि बेझिझक, यह आपकी टीम है। मुझे पहले से ही लगता है कि मैं डच परिवार का हिस्सा हूं। उन्होंने कहा, फूड डिलीवरी एक्जीक्यूटिव के रूप में काम करना उन्हें एक क्रिकेटर के रूप में विकसित होने में मदद कर रहा है। कॉलेज के दिनों के बाद मेरा पूरा ध्यान क्रिकेट पर था। मैंने क्रिकेट को चार साल दिए। 2018 में मैंने नौकरी करने का फैसला किया। मैं पिछले चार सालों से स्विगी के साथ हूं। मैं केवल फूड डिलीवरी से पैसा कमाता हूं। मेरे पास इनकम का कोई और सोर्स नहीं है।

एक नजर

आर्थिक तंगी से जूझ रहा भारत का नंबर-1 टेनिस स्टार

सुमित नागल बोले- मैं टूट रहा हूं, मेरे खाते में सिर्फ 80 हजार रुपए बचे हैं

नई दिल्ली। भारत के नंबर-1 टेनिस स्टार सुमित नागल आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। एटीपी टूर में खेलने के लिए एक करोड़ रुपए के बजट की व्यवस्था करने के बाद नागल के बैंक खाते में लगभग 80 हजार रुपए (900 यूरो) ही बचे हैं और वे अच्छी जिंदगी नहीं जी पाने के कारण निराश हैं। सुमित नागल एटीपी सिंगल रैंकिंग में 159वें स्थान पर हैं, जो भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ है। नागल ने न्यूज एजेंसी PTI से बातचीत में अपना दर्द बयां किया।

भारत की वर्ल्ड कप जर्सी लॉन्च

कंधों पर तिरंगे का कलर लगाया

वनडे वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया की नई जर्सी लॉन्च हो चुकी है। किट स्पॉन्सर एडिडास ने जर्सी के कंधों वाली जगह पर तिरंगे के कलर एड किए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने 3 का ड्रीम है अपना थीम सॉन्ग के साथ जर्सी रिवील की। वनडे वर्ल्ड कप 5 अक्टूबर से भारत में खेला जाएगा। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने आज यानी बुधवार दोपहर 12 बजे वर्ल्ड कप का ऑफिशियल सॉन्ग भी रिलीज किया। एडिडास इस साल जून में ही भारत का जर्सी स्पॉन्सर बना। तब जारी हुई टीम इंडिया की वनडे जर्सी में कंधों पर सफेद कलर की 3 लाइनें बनी थीं। उन लाइनों को अब तिरंगे के कलर का कर दिया गया है, यानी सबसे ऊपर केसरिया, बीच में सफेद और नीचे गहरे हरे रंग की पट्टी बनाई गई है।

एनरिक नोर्त्या- सिसंडा मगाला वनडे वर्ल्ड कप से बाहर

एनरिक नोर्त्या

साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज एनरिक नोर्त्या और सिसंडा मगाला चोट की वजह से वर्ल्ड कप से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह पर 15 सदस्यीय टीम में एंडिले फेहलुकवायो और लिजाद विलियम्स को टीम में शामिल किया गया है। वनडे वर्ल्ड कप 5 अक्टूबर से भारत में शुरू होना है। साउथ अफ्रीका को वर्ल्ड कप में अपनी शुरुआत 7 अक्टूबर को दिल्ली में श्रीलंका के खिलाफ करना है।

नोर्त्या की बैक में प्रॉब्लम- नोर्त्या को बैक प्रॉब्लम है। ऐसी संभावना है कि उन्हें पीठ में स्ट्रेस फ्रैक्चर हो सकता है। हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 वनडे मैचों की घरेलू सीरीज में वह केवल एक मुकाबला में ही प्लेइंग इलेवन में शामिल थे। उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज में आराम दिया गया था।

जशपुर से प्रारंभ हुई दूसरी परिवर्तन यात्रा का आगमन मनेंद्रगढ़ विधानसभा के चिरमिरी में हुआ

जोहार छत्तीसगढ़-एमसीबी।

डोमनहिल के अमर कुंज ग्राउंड में आयोजित आमसभा में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश के कद्दावर नेता बृजमोहन अग्रवाल ने सभा से कांग्रेस सरकार की कमियों को गिनाइ भाजपा नेता अग्रवाल ने परिवर्तन यात्रा के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि यह यात्रा कांग्रेस शासन की भ्रष्टाचार को उजागर करने के साथ क्षेत्री जनता का विश्वास हासिल करने के लिए आयोजित की गई है। निगम क्षेत्र होने के बाद भी इस क्षेत्र का विकास नहीं के बराबर है क्या कोयला, कबाड़ चोरी, शराब की दलाली से विकास संभव है। जनता की सेवा हमारा मुख्य उद्देश्य है उन्होंने कांग्रेस सरकार को आडे हाथ से लेते हुए कहा कि पौने पांच साल में कांग्रेस ने सिर्फ घर-घर दारू पहुंचने का काम किया है शराब के घोटाले में एक वर्ष में 21 सौ करोड़ का घोटाला हुआ है तो आप खुद जान सकते हैं की 5 वर्षों में कितना हुआ होगा। प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने

अपने घोषणा पत्र में शराब बंद करने की घोषणा की थी पर जनता का विश्वास हासिल करने के बाद तो सरकार ने शराब बंद करने की जगह कोरोना काल में ऑनलाइन घर-घर शराब पहुंचाने की सेवा शुरू कर दी। सरकारी भर्ती में मंत्री सरकारी अधिकारी के बेटा बेटी को डिप्टी कलेक्टर बनाकर नौजवानों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाली पार्टी कांग्रेस है जिसे बदलना है। परिवर्तन यात्रा का सर्वप्रथम दुबछोला चौक में भव्य स्वागत भाजपा खड़गवां मंडल, भाजपा युवा मोर्चा के द्वारा डोमनहिल सभा स्थल तक विशाल हजारों की संख्या में बाइक रैली का आयोजन कर परिवर्तन यात्रा को गगन भेदी नारो के साथ डोमनहिल ग्राउंड तक लाया गया। डोमनहिल में आयोजित विशाल आम सभा में स्वागत उद्बोधन में पूर्व विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने सत्ताधारी विधायक को कोयला कबाड़ शराब दलाली में संलिप्त है सम्पूर्ण क्षेत्र के आवश्यक जनसुविधा के कामों को करने में यहा के कांग्रेस विधायक विफ ल रहे हैं, चारो ओर केवल लूट खसोट करने में यहां के कांग्रेसी विधायक व्यस्त है। उन्होंने कांग्रेस सरकार को भ्रष्टाचार से परिपूर्ण बताया तथा सत्ता परिवर्तन का आह्वान किया। कांग्रेस ने पूरे प्रदेश को लूटने का पाप किया है परिवर्तन यात्रा में शामिल भाजपा प्रदेश महामंत्री ओ

पी चौधरी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार रेत सीमेंट कोयला शराब व्यापम जमीनी माफि या राज स्थापित किया है छत्तीसगढ़ में गांधी परिवार का एटीएम का पाप कांग्रेस ने ही किया है ऐसा कोई सगा नहीं जिसको कांग्रेस ने दगा नहीं इस सरकार को बदलना ही परिवर्तन यात्रा का उद्देश्य है 16 लाख गरीबों के घर को रोकने का काम 5 इसी सरकार ने किया प्रदेश के युवाओं को यदि पांच साल तक बेरोजगारी भत्ता देते तो युवा को डेढ़ लाख मिलता व्यापम में माफिया को घुसा दिया गया जहां अधिकारी बनने की चाह एवं अपने बच्चों के जीवन में शिक्षा के माध्यम से बदलाव लाने की कामना करते मां.बाप के अरमानों का इस सरकार ने गला घोट है गरीब किसान के बच्चे को मां बाप अपनी जमीन बेचकर रायपुर पढ़ने को भेजते हैं पर माफिया के लोग व्यापम में सिलेक्ट होते हैं। नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण कर स्वर्गीय अटल ने जो सपना देखा था उसे कांग्रेस की सरकार धूमिल कर रही है 15 साल में बुनियादी समस्याओं के समाधान का हमारी सरकार ने प्रयास किया कोरोना कल में जब दवा की जरूरत थी सरकार ने दारु को घर.-ार पहुंचा दिया। सरकार के संरक्षण में शराब की धारा बह रही है हमने छत्तीसगढ़ पीएससी के में धांधली का आरोप लगा जांच की मांग मांग की थी उच्च न्यायालय ने उसे पर मोहर लगा दी है। करोड़ों में डिप्टी कलेक्टर बनाया गया अधिकारी के रिश्तेदार अधिकारी यह नए किस्म का भ्रष्टाचार है। छत्तीसगढ़ जिसे शांति का प्रतीक माना जाता रहा कांग्रेस सरकार ने उसे अपराध का टापू बना दिया है रेट कोयले का अवैध कारोबार संभाग के 14 विधायकों के संरक्षण में हो रहा है। सभा के दौरान परिवर्तन यात्रा प्रभारी मोती लाल साहू, प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंहदेव, पूर्व मंत्री राम सेवक पैंकरा, पूर्व मंत्री भैया लाल राजवाड़े, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल केसरवानी, कृष्ण बिहारी जायसवाल, सरगुजा युवा मोर्चा अध्यक्ष निश्चल प्रताप सिंह, भाजयुमो जिलाध्यक्ष सुशील सिंह, योगेश लंबा, संजय सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष डमरू बेहरा, वीरेंद्र सिंह राणा, मुकेश जायसवाल, कीर्ति वासो, अरुणोदय पाण्डेय, मनोज जैन सहित जिले के सभी भाजपा पदाधिकारी एवं हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एक नजर

रतनपुर नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पार्षदों ने सीसी रोड का किया भूमिपूजन

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

रतनपुर में हो रहे विकास कार्यों के तहत वार्ड क्रमांक 9 में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया स्थानीय नगर पालिका के तहत किया जाना प्रस्तावित हुआ है, जिसका मूर्त रूप देने आज नगरपालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व पार्षद वार्ड क्रमांक 9 द्वारा भूमि पूजन कर कार्य आरंभ किया गया, जिसमें सारथीपार से हृदय लाल मंदिर प्रधान मोहल्ला तक जिसका निर्माण की लागत राशि 5 लाख रूपये स्वीकृत हुई है। वहीं जिसका उक्त भूमि पूजन नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम रात्रे, उपाध्यक्ष कन्हैया, गुहा कहर वार्ड क्रमांक 9 पार्षद, एल्डरमैन मदन कहर इंजीनियर व ठेकेदार एवं वार्ड क्रमांक 9 के महिलाएं और बच्चे मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमलोगों की समस्याएं, जनदर्शन में कुल 50 आवेदन हुए प्राप्त

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने कलेक्टर कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से जिले के विभिन्न दूर दराज के क्षेत्रों से आये आमलोगों की समस्याएं सुनी। जनदर्शन में कुल 50 आवेदन प्राप्त हुए है। जनदर्शन में विकासखंड सक्ती के ग्राम केरीबांधा निवासी नानबाई बरेठ तथा ग्राम हरेठी निवासी भगवान दास सिदार ने वृद्धावस्था पेंशन जारी किए जाने संबंधी आवेदन, जैजैपुर तहसील के ग्राम दर्राभाठा निवासी सुमिरन बाई ने अपने निजी जमीन में लगे फसल को दूसरे व्यक्ति द्वारा हड़प लेने के संबंध में, तहसील जैजैपुर ग्राम बिर्रा निवासी उर्मिला बाई बरेठ द्वारा फौती कराने का आवेदन, नया बाराद्वार वार्ड क्रमांक 1 निवासी मयाराम देवार द्वारा अधिग्रहीत भूमि का मुआवजा राशि प्रदाय करने, सकरेलीकला के विभिन्न किसानो द्वारा सोसाइटी के खाद की जांच कराने संबंधी आवेदन, तहसील मालखरौदा के ग्राम अमलीडीह निवासी विष्णु कुमार बरेठ द्वारा भू-अर्जन मुआवजा राशि के संबंध में, ग्राम सेंद्री की गायत्री बाई द्वारा धान का बोनस राशि नहीं मिलने के संबंध में आवेदन सहित अन्य विभिन्न ग्रामीणों द्वारा राजस्व, आर्थिक सहायता, आवास, रोजगार प्रदाय, पेंशन भुगतान, भूमि विवाद, राशन कार्ड, नामांतरण, बटवारा सहित अन्य आवेदन लेकर जनदर्शन में पहुंचे। जिस पर कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागो को प्राप्त आवेदनों का जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि शासन के मंशानुरूप आमजनों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ तथा शीघ्र निराकरण करने के उद्देश्य से कलेक्टर द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिला स्तरीय जनदर्शन का आयोजन किया जा रहा है।

कोयलाचंल में गणेशोत्सव की धूम

कोरबा । मंगलवार को श्री गणेश चतुर्थी उत्सव का आगाज हुआ जहां शहर सहित उपनगरीय क्षेत्रों में भी अनेक रुप के पंडाल के साथ साथ अनेक घरों में सिद्धि विनायक श्री गणेश भगवान विराजे है ए भव्य पूजा अर्चना के साथ श्री गणेश जी की मुर्ति स्थापना की गई एवं गाजे बाजे के साथ शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में शताधिक स्थानों पर बने पूजा पंडाल में भगवान गजानन विराजे। वहीं कोरबा जिला के उपनगरीय क्षेत्र बांकीमोंगरा में भी अलग अलग स्थानों में शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के पंडालों व घरों में मुर्तिया स्थापित की गई । वहीं सेवा और धार्मिक समितियों की ओर से गणेशोत्सव का आयोजन किया गया है, जिसमें अलग अलग स्थानों में एवं अलग अलग दिन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ डांस प्रतियोगिता का आयोजन की जाएगी। बांकीमोंगरा के मुख्य चौक में भी प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बांकीमोंगरा का राजा भगवान श्री गणेश विराजे है इस बार भगवान गणेश जी श्री केदारनाथ मंदिर जैसे पंडाल में विराजे हुए हैं । इससे पहले प्रतिवर्ष अलग अलग रुप के पंडाल में विराजा करते थे इस बार श्री केदारनाथ मंदिर में भगवान गणेश जी झुला में विराजे हुए हैं बांकीमोंगरा के मुख्य चौक में शाम होते ही आकर्षक का केन्द्र बना है।

केरकेट्टा विधानसभा क्षेत्र के दौरे

दौरे पर निकले विधायक केरकेट्टा ने बंद विद्यालय देख दिए दिशा-निर्देश

कोरबा । कोरबा जिले के पाली-तानाखार क्षेत्र विधायक मोहितराम केरकेट्टा विधानसभा क्षेत्र के सतत दौरे पर हैं और लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं जान रहे हैं। समस्या निराकरण को लेकर उनके द्वारा पहल की जा रही है। साथ ही छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा बनाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं से भी उन्हें अवगत करा रहे हैं। विधायक के दौरे से स्थानीय ग्रामीणों में उत्साह का संचार हुआ है। वह सहज रूप से अपनी बात विधायक के समक्ष रख रहे हैं।

पाली-तानाखार क्षेत्र विधायक मोहितराम केरकेट्टा अपने सघन दौरे के दौरान ग्राम पंचायत सरभोका पहुंचे। जहां ग्रामीणजनों से भेंट-मुलाकात कर उनकी समस्या सुनी। उन्होंने छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री के द्वारा चलाये जा रहे समस्त कल्याणकारी योजनाओं से लोगो को अवगत बताया। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि प्राथमिक शाला भवन जर्जर की स्थिति में बंद पड़ा हुआ है। विधायक ने मौके पर जाकर स्कूल की स्तिथि देखी। तत्पश्चात जिला शिक्षा अधिकारी व ब्लाक शिक्षा अधिकारी को समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। तत्पश्चात ग्राम सरभोका व रिंगनिया में स्थापित भगवान श्रीगणेश के दर्शन किए। पाली-तानाखार के लोगों की सुख-समृद्धि के लिए भगवान श्रीगणेश से प्रार्थना की। गणेश समिति को अपना सहयोग राशि प्रदान किया। उसके पश्चात ग्राम पंचायत डोंगनाला में चल रहे रामायण महोत्सव में शामिल हुए विधायक ने भगवान श्रीराम से क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना करते हुए सहयोग राशि प्रदान की। इस दौरान लक्ष्मी अग्रवाल, जनपद सदस्य शिवभरोष लकड़ा, आईटी सेल महासचिव गुरुबहाल टोप्पो, ग्राम पंचायत सरभोका सरपंच श्रीमती क्रांति टोप्पो, बूथ प्रभारी जयपाल सिंह सहित अनेक कांग्रेसी व ग्रामीण उपस्थित रहे।

डेंगू की भयावह स्थिति के लिए शहर सरकार की उदासीनता जिम्मेदार- विकास केडिया

सरकारी व निजी हॉस्पिटल्स में प्लेटलेट्स की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं प्रशासन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

डेंगू के बढ़ते मामलों को लेकर भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास केडिया ने कांग्रेस शासित शहर सरकार की उदासीनता और लचर रवैए को इसके लिए जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि रायगढ़ शहर का दुर्भाग्य है कि ऐसी उदासीन और असहाय शहर सरकार के कार्यकाल को हमें देखना पड़ रहा है। आगे भाजपा नेता केडिया ने बीते एक हफ्ते में शहर में डेंगू के चपेट में आकर असमय अपनी जान गंवाने वाले तीनों युवकों को नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि डेंगू के क्रूर डंक ने रायगढ़ के तीन होनहार बेटों को हमसे छीन लिया है जिसकी वजह से आज पूरा रायगढ़ शोकमय है और मैं ईश्वर से प्रार्थना

करता हूं कि सभी दिवंगत आत्माओं को अपने चरणों में स्थान दे और उनके परिजनों को इस असीम दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। आगे भाजपा नेता केडिया ने शहर सरकार की कार्यशैली को डेंगू की भयावह स्थिति के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि उनकी जानकारी के मुताबिक आज लगभग निगम क्षेत्र का हरेक वॉर्ड डेंगू की चपेट में है और रोजाना नए मामले तेजी से सामने आ रहे हैं साथ ही डेंगू के मद्देनजर पहले से संवेदनशील घोषित वार्डों में स्थिति और भी भयावह रूप लेते दिख रही है बावजूद इसके कांग्रेस शासित शहर सरकार डेंगू लार्वा के वृद्धि और प्रजनन को रोकने हेतु आवश्यक कदम उठाने में आज पर्यंत नाकाम रही है जो कि बेहद शर्मनाक बात है।

भाजपा नेता केडिया ने शहर सरकार पर आरोप मढ़ते हुए कहा कि डेंगू को लेकर शहर सरकार का रवैया वर्षा ऋतु की शुरूआत से सुस्त नजर आ रहा है जबकि कायदे से महीने भर पहले से डेंगू लार्वा नियंत्रण के लिए लगातार घर-घर जाकर एंटी लार्वा का छिड़काव और फ ॉगिंग करवाना जाना चाहिए था अगर ऐसा होता तो आज शहर अपने तीन बेटों को असमय नहीं खोता। वही भाजपा नेता ने आगे यह भी कहा कि अभी भी शहर सरकार और जिला प्रशासन को चेत जाना चाहिए और शहर के सभी वार्डों में खासकर डेंगू की दृष्टि से अति संवेदनशील वार्डों में पहली प्राथमिकता में एंटी डेंगू लार्वा लिक्विड का छिड़काव सुनिश्चित करवाना चाहिए, साथ ही नियमित रूप से शहर के सभी वार्डों में फॉगिंग करवाते रहना चाहिए। वहीं भाजपा नेता ने जिला प्रशासन से अपील करते हुए कहा कि डेंगू से होने वाली मौतों के लिए प्लेटलेट्स का अचानक से कम हो जाना मुख्य वजह है ऐसे में शहर के सरकारी व निजी हॉस्पिटल्स में पर्याप्त मात्रा में प्लेटलेट्स की उपलब्धता को सुनिश्चित करना चाहिए ताकि आपात स्थिति में प्लेटलेट्स की कमी से किसी भी मरीज की जान न जाए।

23 सितंबर को प्रदेश भर के स्कूल सफाई कर्मचारी करेंगे मुख्यमंत्री निवास घेराव, एक ही मांग अंशकालीन से पूर्णकालीन

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

प्रदेश स्तरीय छत्तीसगढ़ अंशकालीन स्कूल सफ ाई कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा 23 सितंबर को मुख्यमंत्री निवास घेराव करेंगे अगर मांग पूरा नहीं हुआ तो 27,28 सितंबर से समस्त जिलों से निकलेंगे संकल्प यात्रा 2 अक्टूबर को वादा खिलाफ ी के खिलाफ में लेंगे संकल्प। कि छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूलों में 12 वर्षों से 43301 स्कूल सफ ाई कर्मचारी कार्यरत हैं स्कूलों में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 तक केवल 2 घंटे काम लिया जाता है। दोपहर 12 के बाद खाली रहते हैं हमें और कोई दूसरा काम नहीं मिलने के कारण एक दिन की मजदूरी दर से वंचित रह जाते हैं काम के एवज में 2100 से 2400 रुपए प्रतिमाह मानदेय भुगतान किया जाता है। जो की इस महंगाई

भरे दौर में इतने कम रुपए में अपने परिवार का भरण पोषण नहीं कर पाते हैं कर्ज के सहारे जीवन व्यतीत करने को मजबूर रहते हैं। संघ की मांगों को लेकर लगातार धरना, प्रदर्शन, रैली, ज्ञापन के माध्यम से शासन प्रशासन को अवगत कराते रहे हैं शासन-प्रशासन के आश्वासन से ही जिंदगी गुजारने को मजबूर हैं। 2018 की विधानसभा चुनाव के पहले कांग्रेस पार्टी के द्वारा संघ की मांग पूर्ण कालीन कलेक्टर द 'पर मानदेय भुगतान करते हुए नियमितीकरण करने का वादा, लिखित और मौखिक रूप से किया गया थापरंतु आज छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार को 5 वर्ष बीतने जा रही है आज पर्यंत तक मांगे पूरी नहीं होने पर कर्मचारी संघ शासन प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है। कर्मचारी संघ अपनी मांगों को लेकर 23 सितंबर को तूता धरना स्थल नया रायपुर में एकत्रित होकर मुख्यमंत्री निवास घेराव करेंगे। तथा 27, 28 सितंबर से प्रदेश भर के स्कूल सफ ाई कर्मचारी संकल्प यात्रा करते हुए 2 अक्टूबर को राजधानी पहुंचकर वादा खिलाफी के खिलाफ में संकल्प लेंगे।

छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के बिलासपुर जिला चुनाव प्रभारी जैनेन्द्र कुर्रे का चुनावी दौरा आज से फिर

जिले रायगढ़ के धरमजगढ लैलूंगा तक हजारों छत्तीसगढ़िया से प्रत्यक्ष संवाद का लक्ष्य-ठाकुर शैलु छत्तीसगढ़िया

जोहार छत्तीसगढ़-बिलासपुर।

आचार संहिता पूर्व प्रदेश भर के 70 विधानसभा में अपने चुनाव प्रभारी भेजकर सुर्खियों में आए छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के 21 जिले के चुनाव प्रभारी तीजा उपरांत एक बार फि र अपने संबंधित प्रभार क्षेत्र में सक्रिय हो चुके है। इसी कड़ी में रायगढ़ जिले के चुनाव प्रभारी ठाकुर शैलु छत्तीसगढ़िया भी जिले के बचे हुए विधानसभा में जिले के शीर्ष पदाधिकारी के साथ चुनावी बैठक के लिए निकल चुके हैं। संगठन के दावा है की बचे हुए विधानसभा में भी रायगढ़ के विस कि तरह बैठक सफल होगी। संगठन के ने बताया की जिले के कोर टीम के साथ बैठक कल 22 सितंबर 2023 का, खरसिया,अजोरीपाली,करगी कुनकुनी, मौहापाली, तेलीकोटा,महका, पुरानीबस्ती में होगा जहां छत्तीसगढ़िया समाज से मिलकर यह संकल्प लिया जायेगा की छत्तीसगढ़ में आरुग छत्तीसगढ़ियावादी की ही सरकार बने, साथ ही समाज प्रमुख, क्षेत्र में सक्रिय समाज सेवको से संवाद कर मजबूत छत्तीसगढ़ियावादी प्रत्याशी खोजने का प्रयास किया जाएगा, साथ ही छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के विचार से समर्थित व्यक्ति को ही आगामी विधानसभा चुनाव में टिकट दिया जायेगा।

धर्मांतरण के विरोध में बजरंग सेना ने निकाली दहाड़ रैली

धर्मांतरण करने वालों पर जमकर दहाड़े श्रीबजरंग सेना के पदाधिकारी

जोहार छत्तीसगढ़-एमसीबी।

हिंदू सनातन संगठन श्रीबजरंग सेना के तत्वाधान में धर्मांतरण को लेकर जिला एमसीबी के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्र खड़गवा में निकल गई धार रैली इस दहाड़ रैली का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में चल रहे धर्मांतरण को लेकर एक चेतावनी दी गई है आपको बता दें कि ग्रामीण क्षेत्रों में जिस प्रकार से हिंदू गरीब भाइयों बहनों और आदिवासी गरीब वर्ग से जुड़े लोगों को उनके बीमारी और पैसे का लालच देकर धन परिवर्तन कराया जा रहा है जिसकी शिकायत कई बार बजरंग सेना के पदाधिकारी को मिलती रही है जिसको लेकर हजारों की संख्या में श्री बजरंग सेना के के पदाधिकारी और कार्यकर्ता ने धर रैली के

माध्यम से ऐसे लोगों को चेताया है जो कि धर्म परिवर्तन को लेकर हिंदुओं को बरगलाने का काम कर रहे हैं हजारों की संख्या में जहां एक तरफ जिला अध्यक्ष सूरज देवांगन के साथ जिला उपाध्यक्ष विजय साहू ने धन परिवर्तन करने वालों के ऊपर जमकर हमला बोला वहीं दूसरी ओर महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष भारती सिंह के साथ जिला एमसीबी की जिला अध्यक्ष सुनीता तिवारी ने धन परिवर्तन करने वाले लोगों पर प्रहार करते हुए कहा कि श्री बजरंग सेना के द्वारा निकल जा रही इस दहाड़ रैली के द्वारा धन परिवर्तन करने वाले लोगों को सचेत किया जा रहा है यदि यह भविष्य में धन परिवर्तन करने का काम बंद नहीं करते हैं तो इसका खामी आज उनको उठाना पड़ सकता है इसी के साथ श्री बजरंग सेना के अन्य पदाधिकारी आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि धन परिवर्तन को एक मिशन की तरह चलाया जा रहा है और इस धन परिवर्तन का शिकार ज्यादातर गरीब आदिवासी हिंदू वर्ग के लोग हो रहे हैं जिन्हें पैसे की लालच और बीमार होने पर लाचार अवस्था में धर्म परिवर्तन कर दिया जाता है जी को लेकर श्री बजरंग सेना ने विरोध के रूप दहाड़ रैली के माध्यम से परिवर्तन करने वाले लोगों पर जमकर निशाना साधा है साथ ही धन परिवर्तन को तत्काल प्रभाव से क्षेत्र में बंद किया जाए वरना भविष्य में श्री बजरंग सेना उग्र तरीके से आंदोलन करने के साथ धर्मांतरण करने वाले लोगों पर किसी भी कार्यवाही के लिए विवश रहेगी आज के इस श्रीबजरंग सेना की दहाड़ रैली में मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष अतुल बक्सेल, प्रदेश महासचिव राजेश यादव विवेक चौहान दुर्गावती मीरा मनोज साहू राजेश वर्मा अजय पांडे ध्यान सिंह हेद्रपाल नगर उपाध्यक्ष शुभम केशरवानी लक्ष्मी नगर उपाध्यक्ष महिला विंग की विजयलक्ष्मी ज्योति सिंह नगर अध्यक्ष अभिलास भोई शरद जायसवाल सुनीता जानकी फू लबाई उर्मिला रानी कविता गोपाल खटीक, शारदा प्रसाद केवट, अर्चना गुप्ता राजकुमारी सुधा एकुशुम के साथ अन्य कई पदाधिकारी इस कार्यक्रम में मौजूद रहे।

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

कार्यशाला में तंबाकू उत्पादों के नियंत्रण हेतु अधिनियमों की दी गई जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत कलेक्टर सौरभ कुमार के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर एसएन केसरी के दिशा.निर्देश एवं ब्लूमबर्ग परियोजना अंतर्गत, यूनियन तकनीकी सहयोगी संस्था के सहयोग से कोरबा के होटल गणेश इन में आज समस्त विभागीय नोडल अधिकारी एवं गैर सरकारी संगठन के प्रतिनिधियों हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉक्टर कुमार पुष्पेश, नगर निगम, शिक्षा व उच्च शिक्षा विभाग, श्रम

विभाग सहित, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। होटल गणेश इन में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में जिला सलाहकार राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम डॉ. मानसी जायसवाल द्वारा राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत राज्य व जिला स्तर पर की जा रही गतिविधियों की जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि इस हेतु जिले के समस्त विभागों में नोडल अधिकारियों का चयन किया गया है। लगभग 17 विभागीय कार्यालय को तंबाकू नियुक्त घोषित किया गया है। जिले में पुलिस विभाग के समस्त थाना एवं चौकी को तंबाकू मुक्त घोषित किए गए हैं। इसी प्रकार उन्होंने शैक्षणिक संस्थान को तंबाकू मुक्त घोषित किए जाने हेतु किए गए कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि लगभग 400 से अधिक शैक्षणिक संस्थाओं को तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान की घोषित किया जा चुका है। साथ ही नियमों के उल्लंघन करने वालों पर बेहतर ढंग से कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने हेतु गठित प्रवर्तन दल का साप्ताहिक तौर पर दौरा सुनिश्चित किया गया है। इस दौरान द यूनियन संस्था के संभागीय समन्वय संजय नामदेव द्वारा राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर लागू तंबाकू नियंत्रण हेतु अधिनियमों की जानकारी देते हुए सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003। ई सिगरेट अधिनियम 2019 एवं छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा संशोधित अधिनियम 2003 हुक्का प्रतिबंध के प्रावधानों के बारे में बताते हुए अधिकृत अधिकारियों के संबंध में भी जानकारी प्रदान की गई। साथ ही तंबाकू उद्योगों द्वारा किए जा रहे हस्तक्षेप के विषय पर भी चर्चा की गई। कार्यशाला में उपस्थित विभाग प्रतिनिधियों द्वारा सुझाव के तौर पर व्यापारी संघ होटल एसोसिएशन एवं प्राइवेट स्कूल संघ के साथ बैठक आयोजित करने के सुझाव दिए गए। जिससे तंबाकू उद्योग के द्वारा किए जा रहे प्रचार-प्रसार एवं बिना वैधानिक चेतावनी के विक्रय किए जाने वाले तंबाकू उत्पादन पर रोक लगाई जा सके। कार्यशाला में तंबाकू उत्पादों से जुड़े अधिनियम के साथ.साथ विभागीय स्तर पर जुड़े अधिनियमों का अनुपालन सुनिश्चित किए जाने हेतु चर्चा की गई। साथ ही खाद्य सुरक्षा अधिनियम, किशोर न्याय अधिनियम, म्युनिसिपल एक्ट रेलवे एक्ट अधिनियम सहित अन्य विभागों के अंतर्गत आने वाले विभिन्न प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

सड़कों पर दौड़ते भारी वाहन : कागजों में सिमटा नियम, नो एंट्री बना मजाक

कोरबा । यह जरूरी नहीं कि सभी नियमों का पालन किया जाए। कई नियम बनते ही इसलिए हैं कि उन्हें हासिए पर रखा जाए अथवा उनके पालन में बिल्कुल रूचि का प्रदर्शन न हो। औद्योगिक नगर कोरबा में नो एंट्री से जुड़ी व्यवस्था कुछ ऐसी ही है। यहां की सडक़ों पर हर समय दौड़ते भारी वाहन यह बताने के लिए पर्याप्त हैं कि नियम केवल कागजों पर ही मौजूद हैं और जमीन से उसका कोई लेना-देना नहीं है। छत्तीसगढ़ के ज्यादा राजस्व देने वाले जिलों में शामिल कोरबा में यातायात से जुड़े मसले रेलवे से लेकर सडक़ यातायात को लेकर एक जैसे हैं। रेल गाडिय़ों में अनियमित और असंतोषजनक परिचालन से जनता वैसे ही परेशान है उपर से खराब सडक़ों और लगातार जाम के साथ.साथ हर समय विभिन्न मार्गों पर व शहर के भीतर भारी वाहनों की निर्बाध आवाजाही परेशानी का कारण बनी हुई है। कहने के लिए जिला प्रशासन की रूचि से सरकारी विभाग के साथ-साथ पीएसयू के द्वारा बीते वर्षों में रिंग रोड और बायपास तैयार कराए गए हैं। उद्देश्य यही था कि भारी वाहनों को शहर में प्रवेश दिए बिना उनकी पहुंच बाहरी रास्तों से अपने गंतव्य के लिए सुनिश्चित हो। लेकिन लगातार देखने को मिल रहा है कि ढर्रा पहले की तरह बना हुआ है। अभी भी भारी वाहनों का आवागमन शहर के भीतर से ही जारी है। तुलसीनगर, राताखार,ट्रांसपोर्ट नगर, जैन मंदिर, कुआंभट्ठा, मुड़ापार, अमरैया होते हुए भारी वाहनों का दौडऩा जारी है। इसी तरह दूसरे क्षेत्रों में स्थिति ऐसी है। यह बात जरूर है कि अफसरों के नाम से कुछ चौक-चौराहों पर भारी वाहनों के परिचालन को कुछ घंटों के लिए बाधित रखने से जुड़े बोर्ड लगाए गए हैं जिनमें नो एंट्री की सूचना दर्शायी गई है। वास्तविकता यह है कि इसका लेना-देना केवल सूचना लगाने मात्र से है। व्यवस्था पर अमल करने से नहीं।

जिले के नए कलेक्टर सौरभ कुमार की ज्वाइनिंग के बाद क्षेत्र की समस्याओं को गंभीरता से लिया गया। अलग-अलग स्तर से मामले जानकारी में आने पर बदलाव किये गए।

यादव एकता मंच छत्तीसगढ़ का द्वितीय स्थापना दिवस एवं वार्षिक सम्मेलन संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर।

सामाजिक संगठन यादव एकता मंच छत्तीसगढ़ ने अपना द्वितीय स्थापना दिवस एवं वार्षिक सम्मेलन बड़े उत्साह और धूम-धाम से समाज के सक्रिय सदस्य और चिंतकों के साथ जिला जांजगीर स्थित सांस्कृतिक भवन में मनाया। इस अवसर पर यादव समाज से विभिन्न जिला और क्षेत्र से साथी उपस्थित रहे वरिष्ठ, युवाए, बच्चे,सम्माननीय नारी शक्तियों ने बड़े उत्साह से समाज के कार्यक्रम में शामिल रहे। आमंत्रित अतिथि वरिष्ठ नेता मोती लाल देवांगन, अजीत सिंह,कमलेश सिंह, रफ ीक सिद्धिकी ने समाज के साथ जय माधव जय यादव के जय घोष में समाहित हुए। यादव एकता मंच के सक्रिय पदाधिकारी और सदस्यों ने सराहनीय प्रयास किया। महासागर रूपी जनसंख्या वाला यादव समाज

आज टुकड़ों टुकड़ों में वर्ग भेद, द्वेष, निजी स्वार्थ, और अन्य कारणों से यादव एकता में पिछड़ रहे हैं। जबकि हमसे छोटे-छोटे जनसंख्या वाला समाज अपनी सामाजिक एकता के कारण मजबूत बन गए है। यदि समय रहते यादव समाज जागरूक नहीं होगा तो सामाजिक विकास संभव नहीं होगा। इसे समाज के चिंतकों को समझना होगा और सभी को एक मंच में आकर संगठित होकर यादव एकता निर्माण करना होगा। इसी उद्देश्य से गठित सामाजिक संगठन यादव एकता मंच छत्तीसगढ़' ने छत्तीसगढ़ राज्य के आरंभ से अंतिम छोर तक सामाजिक जागरूकता अभियान का शंखनाद किया है। जिसमे सभी क्षेत्रों से यादव रत्न जुड़ रहे है। और अल्प समय में ही सक्रिय साथियों के प्रयास से आश्चर्य जनक उपलब्धि प्राप्त हुआ है। इसी परिपेक्ष्य में यादव एकता मंच छत्तीसगढ़ अपनी द्वितीय स्थापना दिवस जांजगीर में सफलता पूर्वक मनाया।

प्रथम स्थापना दिवस कोरबा में मनाया गया था। अपील-यादव समाज की मजबूत और अखंड एकता के निर्माण के लिए यादव एकता मंच छत्तीसगढ़' के अभियान का हिस्सा बने और सामाजिक अभियान में शामिल होकर साथ, सहयोग, मार्गदर्शन देवे। आपका नेक कार्य और एक कार्य यादव एकता निर्माण में नीव का पत्थर बनेगा। तो आइए समाज कल्याण के आप हम साक्षी और सहयोगी बने जय माधव जय यादव।

देश की संसद में पारित हुए नारी शक्ति वंदन अधिनियम को भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा ने बताया नए अध्याय की शुरुआत

*** नए अधिनियम से नारी होगी सशक्त , मोदी सरकार नारी सशक्ति करण की दिशा में कर रही कार्य * दो तिहाई बहुमत से पास हुआ विधेयक, पूरे देश में मोदी सरकार की हो रही प्रशंसा**

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ति।

केंद्र की एनडीए गठबंधन वाली नरेंद्र मोदी की सरकार ने संसद में नारी सशक्तिकरण को लेकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम सर्वसम्मति से पारित करने में सफलता हासिल की है, तथा पूरे देश में इस अधिनियम को लेकर जहां लोग केंद्र सरकार की प्रशंसा कर रहे हैं तो वहीं शक्ति जिले के भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चन्द्रा ने भी इस पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि सशक्त होगी नारी, समृद्ध होगा भारत भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत ने कहा कि आज लोकसभा में पारित हुए नारी शक्ति वंदन अधिनियम से देश में महिलाओं के

सशक्तिकरण हेतु एक नए अध्याय का आह्वान हुआ है। महिलाओं के नेतृत्व में विकास का समर्थन करने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अपने शाश्वत संकल्प को सिद्ध कर दिखाया है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार महिलाओं की मान, सम्मान और उनके उत्थान तथा कल्याण के लिए दृढ़ संकल्पित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्कृष्ट नेतृत्व में महिला आरक्षण बिल रिकॉर्ड 454 मतों के साथ लोकसभा से पास हो गया। देश व प्रदेश की महिलाओं को ऐतिहासिक एवं शानदार तोहफा देने के लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हृदय से आभार प्रकट करता हूं।

एक नजर

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़-बिलाईगढ़।

छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई आदि के प्राचार्यए संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमे अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं। को सूचित किया गया है कि शिक्षा सत्र 2023.24 हेतु ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पद पर ऑनलाइन की जा रही है। जिसके अंतर्गत संस्थानों के प्रस्ताव, स्वीकृति लॉक करने हेतु विभाग द्वारा तिथि निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि अनुसार राज्य में अध्ययनरत विद्यार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन नवीन एवं नवीनीकरण 22 सितंबर से शुरू होकर 10 अक्टूबर 2023 तक किया जाएगा। ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक करने हेतु 22 सितम्बर से 25 अक्टूबर 2023 तक एवं से स्वीकृति लॉक करने 22 सितम्बर से 30 अक्टूबर 2023 तक निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथियों के पश्चात जिला सत्र 2023.24 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन स्वीकृति नहीं किए जाएंगे एवं लॉक/स्वीकृति करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जाएगा। उक्त तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते हैं, तो इसके लिए संस्था प्रमुख स्वत: ही जिम्मेदार होंगे। पीएफएमएस के माध्यम से आधार आधारित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान किया जा रहा है। अत: सभी विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन करते समय ध्यान रखें कि उनके द्वारा दर्ज किया गया बैंक खाता एक्टिव हो एवं आधार सीडेड बैंक खाता नम्बर की प्रविष्टि ही करना सुनिश्चित करें।

राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रवंशी का आगमन कल

कोरबा । मानव अधिकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष का कल गेवरा आगमन हो रहा है। वें आफिसर क्लब में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होगें। जिला अध्यक्ष विरेन्द्र राठौर ने बताया कि अनुराग चंद्रवंशी के द्वारा सभी प्रदेशो में जागरूता अभियान चलाया जा रहा है। वें हर प्रदेश में जाकर बैठक ले रहे है। आम जनता को कानून के संबंध में जानकारी नही होने से शोषण का शिकार हो जाते है। उन्हें शोषण से बचाने यह जागरूकता अभियान चल रहा है। इस बैठक के बाद सभी जिलाध्यक्ष अपने .अपने क्षेत्र कार्य करेगें।

हाथियों के दल ने सेमरहा में फसलों को किया नुकसान

कोरबा । वन मंडल कटघोरा में हाथियो का उत्पात जारी है। यहां के केंदई रेंज के कोरबी सर्किल में घूम रहें 41 हाथियो का दल बीती रात पसान रेंज पहुंच गया है। ओर दो झूंडो में बंट गया। एक झुंड में 21 हाथी शामिल है। जबकि दूसरे में 20 हाथी । 21 हाथियो वाला दल पसान रेंज के सेमरहा गांव में पहुंच गया और भारी उत्पात मचाते हुए कई किसानों की फसल रौंद दी जबकि दूसरा झुंड बनिया के जंगल में विचरण कर रहा है। सेमरहा में बड़ी मात्रा में हाथियो के पहुंचने तथा फसल रौंदे जाने की सूचना वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचकर हाथियो की निगरानी करने के साथ ही नुकसान के आकलन में भी जुट गया है। इससे पहले हाथियो के दल ने केंदई रेंज में उत्पात मचाते हुए ग्रामीणों की फसल रौंदी थी। हाथियो की उत्पात से क्षेत्रवासी काफी हालाकान है। वन विभाग हाथियो के उत्पात को रोकने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है और नवाचार भी लेकिन इसमें सफलता नही मिल पा रहा है। हाथियो की निगरानी के लिए थर्मल ड्रोन के अलावा मैदानी अधिकारियों व कर्मचारियों की टीम गठित की गई है, जो दिनरात निगरानी में लगे हुए है। इसके अलावा ट्रेंकिग के लिए विशेषज्ञों का दल भी आया हुआ है। जिसमें काम करना शुरू कर दिया है। बावजूद इसके हाथी खेतो में पहुंच जा रहे है। और फसलो को रौंदने के साथ ही तहस-नहस कर दे रहे है। डीएफओ कुमार निशांत भी गंभीरता पूर्वक लगे हुए है। वें रात में जंगलो में स्वयं पहुंचकर हाथियो की जानकारी लेने के साथ अपने मातहतों को आवश्यक मार्गदर्शन दे रहे है। इस बीच क्षेत्र में मौजूद खतरनाक लोनर हाथी चेतक केंदई रेंज के सिरमिना सर्किल झिलपुरी पहुंच गया है। लोनर के यहां लोकेशन मिलते ही वन स्टाफ मौके पर उसकी निगरानी में लग गया है। इधर कोरबा वन मण्डल के पसर खेत रेंज में हाथी समस्या बनी हुई है। 9 हाथियो का दल रेंज के मदनपुर स्थित बगदर्री डाड़ में घूम रहे है। इस दल ने बीती रात उत्पात मचाते हुए ग्रामीणों की खरीफ फसल को रौंद डाला है।

जेल परिसर में गिरी आकाशीय बिजली

कोरबा । जिला जेल कोरबा की चारदीवारी के भीतर परिंदा भी पर नहीं मार सकता लेकिन आकाशीय बिजली से सुरक्षित नहीं है। पिछले दो वर्षों के दौरान पांच बार से अधिक बार जेल परिसर व उसके आसपास आकाशीय बिजली गिर चुकी है जिससे कई बार नुकसान हो चुका है। 2 दिन पहले ही फिर से जिला जेल परिसर में ही आकाशीय बिजली गिरने से जेल की सुरक्षा में लगे लगभग 20 से अधिक सीसीटीवी कैमरा व उपकरण उड़ गए। मरम्मत में जेल प्रबंधन को लाखों का नुकसान हुआ है।

इससे पहले भी कई बार जेल परिसर व उसके आसपास में आकाशीय बिजली गिरने से लाखों का नुकसान हो चुका है।

राम अगर वन ना जाते तो राम राम बन न पाते-अंकुश तिवारी महाराज

जोहार छत्तीसगढ़-खरसिया।

भगवान राम का जीवन सभी के लिए एक आदर्श है, लेकिन वे मर्यादा पुरुषोत्तम तभी बन पाए जब उन्होंने त्याग किया, जब उन्होंने राज सिंहासन का त्याग करके वन को चुनाए अगर वे वन न जाते तो राम राम ना बन पाते। धर्मनगरी खरसिया की पावन धरा पर गर्ग परिवार मांढीवाल द्वारा आयोजित पितृमोक्षार्थ श्रीमद भागवत कथा के चतुर्थ दिन व्यास पीठ से पूज्य अंकुश तिवारी जी महाराज ने भगवान राम के जीवन चरित्र की कथा सुनाते हुए कहा।

उन्होंने की अगर राम सा बनना है तो राम के जैसा त्याग भी करना होगा। विदित हो कि 17 सितंबर से 23 सितंबर तक श्रीमद भागवत कथा स्थानीय कन्या विवाह भवन में आयोजित किया जा रहा है। कथा के चौथे दिवस गजेंद्र मोक्ष, वामन अवतार की कथा, राम अवतार तथा कृष्ण जन्म की कथा सुनाई गई, वामन भगवान के अवतार तथा कृष्ण जन्म का जीवंत झांकियो के माध्यम से गान किया गया जो श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर रहा था। भागवत कथा के इस आयोजन को सफ ल बनाने तथा भव्य रूप देने के लिए गर्ग परिवार के राम अवतार अग्रवाल, राम चरण अग्रवाल, श्याम सुंदर अग्रवाल, बजरंग लाल अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, सुनील अग्रवाल पत्रकार, विकास अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, विवेक अग्रवाल सहित सभी सदस्य तन मन से लगे हुए हैं।

युवा नवमतदाता सम्मेलन व पूर्व विधायक की मनाई पुण्यतिथि, भाजपा ने भरी हुंकार, कार्यक्रम में उमड़ा जनसैलाब

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

2023 विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ आ रही है वैसे ही विभिन्न पार्टियों के गतिविधियां तेज हो गई। बुधवार को चंद्रपुर विधानसभा के मालखरौदा अस्पताल मैदान में भाजपा ने नव मतदाता सम्मेलन एवं चंद्रपुर के पूर्व विधायक स्वर्गीय युद्धवीर सिंह जूदेव की द्वितीय पुण्यतिथि मनाई गई। आपको बता दें कि चुनावी साल में भारतीय जनता पार्टी चंद्रपुर विधानसभा में काफी मजबूत नजर आ रही है। लगातार बड़े आयोजन किया जा रहे हैं । चुनाव की तारीख जैसे.जैसे नजदीक आ रही है वैसे ही एक और भारतीय जनता पार्टी का यह सबसे बड़ा शक्ति प्रदर्शन विधानसभा के लिए माना जा रहा है। जहां उपस्थित भाजपा

की दिग्गज नेताओं ने अपने संबोधन में छत्तीसगढ़ के कांग्रेस सरकार को वादा खिलाफी और भ्रष्ट तंत्र की सरकार कहा है । कांग्रेस सरकार और स्थानीय विधायक के खिलाफ जमकर बरसे और तंज कसे । आने वाले विधानसभा चुनाव में चंद्रपुर विधानसभा ही नहीं पूरे छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार को उखाड़ फेंकने का भारतीय जनता पार्टी ने सभा के माध्यम से संकल्प लिए। कार्यक्रम में जहां हजारों की संख्या में पूरे विधानसभा से लोग पहुंचे। कार्यक्रम में नितिन नबीन विधायक पूर्व मंत्री बिहार सरकार एवं प्रदेश सह प्रभारी छत्तीसगढ़ भाजपा, आदरणीय अमनदीप राष्ट्रीय सोशल मिडिया प्रभारी, युवा मोर्चा भाजपा, अनुज शर्मा पद्मश्री एवं छत्तीसगढ़ फिल्म जगत के सुपर स्टार, खुशवंत साहेब प्रदेश अध्यक्ष, अखिल भारतीय सतनामी सेना अमित साहू प्रदेश मिडिया पैनलिस्ट पूर्व प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा, निर्मल सिन्हा प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा, कृष्ण कांत चंद्रा जिलाध्यक्ष भाजपा सक्ति, लोकेश साहू जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा सक्ति, कमलेश जंगाड़े जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा सक्ति तथा भारतीय जनता पार्टी के ज्येष्ठ.श्रेष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्तागण,नमतदाताओं महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गो, ग्रामवासियों ने हजारों की संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

ओपी ने दी भूपेश बघेल को चुनाव लड़ने की चुनौती

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

प्रदेश भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी द्वारा सोशल मीडिया मे नोटो के बंडल के सामने बैठे चंद्रपुर के कांग्रेस विधायक रामकुमार का विडियो वायरल करने के बाद सूबे के मुखिया भूपेश बघेल एवं ओपी चौधरी के मध्य जुबानी जंग तेज हो गई।

विडियो वायरल करने के बाद ओपी ने भूपेश सरकार से पूछा उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने वाली सरकार इस मामले में कोई कार्यवाही करने की हिम्मत दिखायेगी? मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सफाई देते हुए कहा कि इस मामले में किसी ने लेन देन का आरोप की शिकायत नहीं की है। ओपी के तीखे हमलों से बौखलाई सरकार इस मुद्दे में बचाव की मुद्रा में भी नजर आई। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ओपी चौधरी को रामकुमार यादव के खिलाफ चुनाव लड़ने की नसीहत देते हुए कहा रामकुमार के खिलाफ चुनाव लड़ कर देख ले ओपी चौधरी को आटे दाल का

भाव मालूम चल जायेगा। भूपेश बघेल का बयान आने के बाद ओपी चौधरी ने बड़ी ही शालीनता से भूपेश बघेल की चुनौती को आशीर्वाद बताकर उनके खिलाफ ही चुनाव लड़ने का बयान दिया। ओपी के इस बयान के बाद प्रदेश के राजनैतिक गलियारों में सरगर्मी तेज हो गई। दोनों के मध्य तीखी बयान बाजी तेज हो गई।

यह बताना लाजिमी होगा कि बतौर विपक्ष सरकार के खिलाफ मुखर होकर बोलने वाले भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी भूपेश सरकार के लिए अच्छे खासे सर दर्द बन गए हैं। ओपी चौधरी लगातार भूपेश सरकार की वादाखिलाफी, सरकारी सरक्षण में चल रही माफि यागिरी, सरकारी तंत्र में चल रही लूट खसोट, परीक्षाओं एवं भर्ती में चली गड़बड़ियों को प्रदेश वासियों के सामने पूरी शिद्दत के साथ उजागर किया है। सरकार के खिलाफ तीखे बयान बाजी धरना, आंदोलनों घेराव का नतीजा है कि भाजपा भूपेश सरकार के खिलाफ वादाखिलाफी भ्रष्टाचार का नेरेटीव स्थापित करने में कामयाब रही है। भूपेश सरकार की नाक में दम करने वाले ओपी चौधरी द्वारा कोयला चोरी का विडियो जारी करने पर भूपेश सरकार के इशारे पर गैर जमानती धाराओं के खिलाफ मामला पंजीबद्ध किया गया। ओपी के खिलाफ मामला पंजीबद्ध होते ही प्रदेश भर के कार्यकर्ताओं में आक्रोश की स्थिति उत्पन्न हो गई प्रदेश की कोने कोने में धरना प्रदर्शन किया गया।

एक नजर

कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने स्वामी आत्मानंद विद्यालय के लिए चयनितों को दी नियुक्ति आदेश

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़-बिलाईगढ़।

कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने जिले के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों के संविदा भर्ती में चयनितों को नियुक्ति आदेश प्रदान की। डॉ. सिद्दीकी ने सभी शिक्षकों को कहा कि आप अच्छे से पढाएं और अपने ज्ञान को हमेशा पढ़कर अपडेट होते रहें। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी डेजी रानी जांगड़े, जिले के शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों के नोडल अधिकारी नरेश कुमार चौहान उपस्थित थे।

आबकारी एक्ट की कार्यवाही के तहत तीन आरोपी जेल दाखिल

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर चांपा।

मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर रेड कार्यवाही करते हुये अकलतरा पुलिस ने 130 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब एवं 49 पाव देशी शराब के साथ तीन आरोपियों को आबकारी एक्ट के तहत विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से इस संबंध में मिली जानकारी अनुसार गत दिवस 20 सितंबर को मुखबिर की सूचना पर रेड कार्यवाही किया गया। इस दौरान आरोपी रामचरण सिंह निवासी अमेरी कोटमीसोनार के कब्जे से 50 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 5000 रूपये, सत्य प्रकाश मिरी निवासी कोटगढ़ के कब्जे से 49 पाव देशी शराब कीमती 3920 रूपये एवं राजकुमार सिंह निवासी कोटमीसोनार के कब्जे से 80 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 8000 हजार रुपये एवं शराब बिक्री की राशि 4000 रूपये को बरामद किया जाकर आरोपियों के विरुद्ध थाना अकलतरा में अलग-अलग अपराध धारा 34,2, आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान इन आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा का सबूत पाये जाने से अकलतरा पुलिस ने इन्हें 34;2, आबकारी एक्ट के तहत विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया, जहां से तीनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। इस कार्यवाही में एएसआई अरुण सिंह, सियाराम यादव, महिला प्रधान आरक्षक अनिता पाटले, आरक्षक राघवेन्द्र घृतलहरे एवं गठित विशेष टीम का सराहनीय योगदान रहा।

गिरफ्तार आरोपीगण

रामचरण सिंह उम्र 35 वर्ष निवासी अमेरी कोटमीसोनार, सत्य प्रकाश मिरी उम्र 28 वर्ष निवासी कोटगढ़ और राजकुमार सिंह उम्र 40 वर्ष निवासी कोटमीसोनार थाना अकलतरा।

फांसी के फंदे पर लटके मिले दो लोग

कोरबा । जिले में दो अलग-अलग घटनाक्रमों में सिटी कोतवाली के मानिकपुर चौकी क्षेत्रांतर्गत रापाखर्रा एवं बालकोनगर थानांतर्गत चुईया पंचायत के भटगांव में दो लोगों की आज तडक़े फांसी के फंदे पर लटकी हुई लाश मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पीएम के लिए चीरघर भिजवा दिया गया।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत चुईया के आश्रित मोहल्ला भटगांव निवासी रामकुमार सिंह कंवर उम्र 43 वर्ष पिता भोप सिंह कंवर गत रात्रि खेती किसानी के कामों को निपटाने के बाद अपने घर में आकर खाना खाने के बाद सोया हुआ था। उधर उसके परिवार के एक सदस्य को हालत खराब होने पर बड़े भाई द्वारा कोरबा हास्पिटल उपचार के लिए ले गया था। जबकि वह खुद घर पर अकेले था। आज सुबह 7 बजे के लगभग उसके पिता ने देखा कि बाड़ी से सटे जंगल में कोसम पेड़ में नायलोन की रस्सी से फांसी के फंदे पर रामकुमार लटका हुआ है। इसकी सूचना उसके छोटे भाई आनंद कुमार कंवर उम्र 40 ने बालकोनगर थाना पहुंचकर दी। बालको पुलिस ने सूचक द्वारा सूचना दिए जाने पर मर्ग क्रमांक 88/23 एवं सीआरपीसी की धारा 174 के तहत मर्ग कायम कर मृतक के शव को फंदे से उतरवाकर उसे कोरबा जिला अस्पताल के चीरघर भिजवा दिया। प्रभारी टीआई लक्ष्मण खूंटे ने बताया कि परिजनों द्वारा कुछ शंका भी व्यक्त की गई है। फिलहाल पीएम रिपोर्ट का इंतजार है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद मामले में अग्रिम विवेचना कार्रवाई की जाएगी।

कराटे चैंपियनशिप में धरमजयगढ़ के बच्चों ने जीता गोल्ड, सिल्वर ब्रांस मेडल

थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी लखीसरानी ने दी बधाई शुभकामनाएं

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

विकासखंड धरमजयगढ़ वनांचल क्षेत्र होने के बाद भी अनेक तरह की प्रतिभाओं से भरा हुआ है। जहां के लोग अब हर क्षेत्र में ऊंचाई पर पहुंच रहे हैं। अन्य क्षेत्रों की तरह कराटे के क्षेत्र में भी अनेक प्रतिभावान खिलाड़ी यहां स्वर्णिम कहानी लिख रहे हैं। पिछले दिनों हुए कराटे चैंपियनशिप में सेंसई टारजन भारती के नेतृत्व में धरमजयगढ़ के प्रतिभागियों ने गोल्ड, सिल्वर, ब्रांज मेडल जीता है। चैंपियनशिप में शामिल सभी खिलाड़ियों को धरमजयगढ़ थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी अमन लखीसरानी ने बधाई शुभकामनाएं दी है। थाना परिसर में प्रभारी ने सभी का

परिचय जाना वहीं पुष्प गुच्छ भेंट कर एवं मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की। बता दें कि कराटे एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ द्वारा पिछले दिनों जांजगीर चांपा जिले के शिवरीनारायण में 3 दिवसीय स्टेट कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में धरमजयगढ़ के बच्चों ने भाग लेकर कई पदक जीते। जिसमें कंचन महानंद को कुमिते काता में गोल्ड मेडल, रोशन भारती को गोल्ड मेडल, कोमल महानंद को सिल्वर, पीहू भगत को गोल्ड, आकाश सिल्वर और ब्रांज, शशिकांत, राजकिशोर, विपुल और गोविंद ने ब्रान्स मेडल हासिल किया है। राज्यस्तरीय इस प्रतियोगिता में अनेक जिले के सैकड़ों प्रतिभागी शामिल हुए थे। बच्चों के जीत पर धरमजयगढ़ के अनेक गणमान्य लोगों ने भी बधाई शुभकामनाएं दी है।

लकड़ी तस्करी के फेर में हाथी से हो गया सामना, एक की मौत दो अन्य लापताए जांच जारी

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

वन मंडल के छाल रेंज में हाथी के हमले से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। मिली जानकारी के मुताबिक छाल रेंज के लात पुनर्वास के पास एक व्यक्ति का देर रात हाथी से आमना सामना हो गया। इस दौरान हाथी ने उस पर हमला कर दिया। इस घटना में मृत व्यक्ति की पहचान विनोद बरेठ निवासी सारंगढ़ के रुप में हुई है। बताया जा रहा है कि लकड़ी तस्करी के फेर में तीन लोग जंगल में घूम रहे थे। इसी दौरान उनकी मुठभेड़ हाथी से हो गई। मृतक के पास बाइक भी पड़ा हुआ मिला है। बहरहाल घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस व वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच कर दो अन्य लोगों की खोजबीन व अन्य विभागीय कार्यवाही में जुट गए

हैं। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक मृतक विनोद बरेठ उम्र लगभग 30 वर्ष हाल मु सारंगढ़ सुलोनी अपने साथियों के साथ मिलकर कथित तौर पर लकड़ी तस्करी को अंजाम देने के उद्देश्य से रात्रि जंगल की ओर अपने दो साथियों के साथ घूम रहे थे। इत्तेफाक से वहां रात्रि में हाथी की चिंघाड़ सुनकर आगे गांव वाले उठकर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था के साथ अगल बगल देखने लगे। इस बीच दो अन्य लोगों को देख पूछा गया तो उन्होंने बताया कि पड़ोस के गांव के हैं। किंतु पड़ोसी गांव कांसाबहार के लोगों से पूछताछ करने पर बीती रात किसी के भी उस मार्ग से होकर गुजरने की बात सामने नहीं आई। जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि लकड़ी तस्करी को अंजाम देने को लेकर तीनों आये हुए थे। इस घटना की सूचना विभाग के साथ पुलिस को दी गई है। वहीं इस मामले में दोनों विभागों द्वारा जांच की जा रही है।

उप अभियंता डीएस चौहान निलंबित, गंभीर अनियमितता का आरोप

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग उपसंभाग धरमजयगढ़ में पदस्थ डीएस चौहान उप अभियंता को निलंबित कर दिया गया है। प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग नवा रायपुर अटल नगर द्वारा निलंबन आदेश जारी किया गया है। जिसमें कहा गया है कि उप अभियंता डीएस चौहान द्वारा धरमजयगढ़ से हाटी मार्ग में 6.30 किमी में ग्रेड-1 तथा हाटी से छाल मार्ग में 1 किमी में किया गया

डीबीएम कार्य अमानक स्तर का संपादित कराकर गंभीर अनियमितता बरती गई है। इसके लिए उन्हें प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने के कारण चौहान उप अभियंता को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए उनका मुख्यालय मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग बिलासपुर परिक्षेत्र बिलासपुर निर्धारित किया जाता है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वहन भत्ता की पात्रता होगी। बता दें कि खरसिया से पत्थलगांव तक नए सड़क को मंजूरी मिली है। सड़क निर्माण का ठेका श्री जी इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी को मिला है। सड़क का निर्माण कछुआ गति से चल रहा है। जिसके लिए क्षेत्र की जनता कई बार आंदोलन कर चुके हैं। इस सड़क निर्माण में बरती जा अनियमितता को लेकर दैनिक जोहार छत्तीसगढ़ में प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया गया।



कार्यालय प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग,
नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, निर्माण भवन,
नवा रायपुर अटल नगर जिला – रायपुर (छत्तीसगढ़)

–: आदेश :–

क्रमांक 34769005 /स्था./प्र.अ./23 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 20/09/2023

श्री डी.एस. चौहान उपअभियंता कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी, लो.नि.वि. उपसंभाग धरमजयगढ़ (लो.नि.वि. रायगढ़ संभाग रायगढ़) द्वारा धरमजयगढ़ से हाटी मार्ग के कि.मी. 4 से 6, 21/6 से 22/4, 22/10, 23/4 से 23/6, 23/8 से 24/2, 24/6 से 25/6 (100) = 6.30 कि.मी. में ग्रेड 1 90 mm thick तथा हाटी से छाल मार्ग के कि.मी. 37/8–10, 38/4, 38/10, 44/6 = 1.00 कि.मी. में किया डी.बी.एम. कार्य अमानक स्तर का संपादित कराकर, गंभीर अनियमितता बरती गई है। इसके लिए उन्हें प्रथम दृष्टया दोषी पाये जाने के कारण श्री डी.एस. चौहान उपअभियंता को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए उनका मुख्यालय कार्यालय मुख्य अभियंता, लो.नि.वि. बिलासपुर परिक्षेत्र बिलासपुर निर्धारित किया जाता है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

प्रमुख अभियंता
लोक निर्माण विभाग
नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)

पृ.क्र. 34769005 /स्था./प्र.अ./23 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 20/09/2023

संगम चौक में चल रहा शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा का खेल

जोहार छत्तीसगढ़-दुलदुला।

संगम चौक जशपुर में कुछ रसूखदार लोगों के द्वारा संगम चौक में स्थित शासकीयक भूमि पर संगम सेवा समिति बनाकर वर्षों से बेजा कब्ज का खेल किया जा रहा है वह भी अवैध ढंग से समिति का पंजीयन भी प्राप्त जानकारी के अनुसार नहीं है स्थानीय लोगों कहना माने तो समिति के कुछ लोगों के द्वारा स्थानीय लोगों को यह कह कर भगा दिया जाता है कि वर्तमान समय में समिति के पंजीयन का प्रक्रिया शुरू है और यह शासकीय भूमि समिति की है ऐसा बोलने वाले व्यक्ति का एक रिश्तेदार नगर पालिका जशपुर में पदस्थ है दूसरे व्यक्ति का भाई नजूल शाखा के, आर, आई, के पद पर पदस्थ है तीसरे व्यक्ति का भाई शिक्षा विभाग में बीआरसी के पद पर पदस्थ है। जिनके बल पर यह लोग यह अवैध कब्जा का खेल, खेल रहे हैं ज्ञात हो कि

संगम चौक में नगर पालिका द्वारा निर्मित दुकानों का निर्माण भी जनपद पंचायत जशपुर व नगर पालिका परिषद जशपुर के द्वारा वर्षों पूर्व में कराया गया था पूर्व सांसद विष्णु देव साय के सांसद मत से एक दुर्गा मंडप का भी शासकीय भूमि का नक्शा खसरा क्रमांक 504 /1क1 में ही दुर्गा पूजा के नाम पर एक मंडप का निर्माण कराया गया था जिसके ईद, गिर्द, के बचत शासकीय भूमि तथा पीडब्ल्यूडी, ऑफि स के अधिकारियों को आवंटित शासकीय क्वार्टर के बाउंड्री वॉल तथा जनपद पंचायत नगर पालिका की दुकानों के ऊपर दीवाल उठा लिया गया है पीडबल्यूडी के बाउंड्री वॉल के ऊपर पूर्व में ही बगैर अनुमति के दीवाल उठाकर रूम बनाया जा चुका है और वर्तमान समय में

प्राप्त जानकारी के अनुसार एक अपंजीकृत समिति के द्वारा अपना अधिकार बताते हुए बेजा कब्जा का खेल किया जा रहा है और यह कहा जा रहा है कि पंजीयन की प्रक्रिया चल रही है और यह दावा किया जा रहा है कि उक्त शासकीय भूमि समिति की है किंतु समिति के द्वारा समिति के पंजीयन से संबंधित किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जा रहा है उक्त शासकीय भूमि पर स्थित सार्वजनिक कुआं में जाली लगवा कर कुआं को संरक्षित किया गया जो एक सराहनीय कार्य है लेकिन मोटर लगाकर भवन के निर्माण कार्य में उक्त पानी का प्रयोग किया जा रहा है जो कि अवैध है साथ ही संगम चौक में सार्वजनिक भवन है जो कि मोहल्ले वासियों के अनेक कार्यक्रमों में काम आता है उसे भी संगम सेवा समिति के द्वारा अवैध कब्जा करते हुए किराया वसूला जा रहा है जबकि वह सार्वजनिक भवन नगर पालिका द्वारा मतलब शासन द्वारा निर्मित है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in